## गुस्ताखी माफ



अरे जवानों खोल लो, अपनी आप दुकान।
जो हम से बन पड़ेगा, कर देंगे वह दान।
कर देंगे वह दान, लोन भी दिलवा देंगे।
साथ खड़ी सरकार, जल्द वापस ना लेंगे।
कह साहिल कविराय, बात यह सुनें युवा सब।
खोलें एक दुकान, नौकरी मत मांगें अब।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 113 | MONDAY 04-05-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com


# बिल्डिंग इंस्पेक्टरों के घोटाले का मैनुअल ऑप्शन बंद, अब ऑनलाइन होंगे सभी चालान, कंपाउंडिंग फीस इंफॉर्मेशन भी देनी होगी जरूरी

लुधियाना/यूटर्न/3 मई। लोकल बॉडी विभाग पंजाब द्वारा अवैध इमारतों के चालान करने की एवज में बिल्डिंग इंस्पेक्टरों द्वारा की जा रही मोटी कमाई पर नुकेल डालने की तैयारी कल ली गई है। विभाग द्वारा चालान प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया गया है। जिस संबंधी एक पोर्टल तैयार किया है। यह प्रकिया पूरे पंजाब में लागू होगी। अब इंस्पेक्टरों द्वारा किसी भी अवैध इमारत का चालान मैनुअल तरीके से नहीं बल्कि ऑनलाइन किया जाएगा। वहीं चालान की एवज में जमा करवाई कंपाउंडिंग फीस भी ऑनलाइन दिखाई देगी। दरअसल, लुधियाना निगम में कई इंस्पेक्टरों द्वारा चालान बुक को अपना सुरक्षा कवच और कमाई का जरिया बनाकर करोड़ों रुपए का हेरफेर किया जा रहा था। जिस कारण सरकारी खजाने को भारी नुकसान पहुंचा। इस मामले को यूटर्न टाइम अखबार द्वारा प्रमुखता से उठाया गया। जिसके बाद लोकल बॉडी विभाग द्वारा इस मामले में संज्ञान लिया है। इस पोर्टल का असेंस लुधियाना से लेकर चंडीगढ़ तक सभी अधिकारियों के पास होगा। जिसमें कोई भी अधिकारी कभी भी किस बिल्डिंग का चालान हुआ, उस पर कितना जुर्माना लगा और कंपाउंडिंग फीस कितनी और कब जमा होने की जानकारी देख सकेंगें। इस ऑनलाइन प्रक्रिया से जहां बिल्डिंग इंस्पेक्टरों का चालान का खेल खत्म होगा, वहीं सरकारी खजाने को भारी मुनाफा होगा।

## अवैध इमारतों के चालान काटकर करोड़ों रुपए का हेरफेर करने का मामला



‘बड़े मियां तो बड़े मियां, छोटे मियां सुभानल्लाह’ जैसे कारपोरेशन इंस्पेक्टरों के हालात

बिल्डिंग इंस्पेक्टरों ने चालान बुक को बनाया करप्शन का सुरक्षा कवच

ऐसे गोलमाल कर रहे इंस्पेक्टर

लुधियाना ही नहीं चंडीगढ़ के अधिकारियों को भी दे रहे गच्चा

कई एमटीपी व एटीपी भी रह चुके सैटिंग का हिस्सा




### पहले ऐसे चल रहा था पूरा खेल

चर्चा है कि पहले चालान मैनुअल तरीके से होते थे। जिसमें पहले तो बिल्डिंग ब्रांच के इंस्पेक्टर अवैध निर्माण शुरू होने पर शांत रहते थे। जब मामला सुर्खियों में आता, तो चालान काटकर जेब में डाल लिया जाता था। जिसके बाद बिल्डिंग मालिक से मिलकर सेटिंग की जाती और चालान को गायब कर दिया जाता। अगर मामला अधिकारियों के पास या मीडिया में आ गया तो अधिकारी चालान होने की बात कहकर टाल देते थे। चालान में कंपाउंडिंग फीस कितनी जमा करवाई, ये न तो पूछा और न ही बताया जाता था। वहीं कई बार सेटिंग करके चालान ऐसे बनाया जाता था कि बिल्डिंग मालिक को नामात्र जुर्माना लगे। फिर कुल जुर्माने का कुछ प्रतिशत हिस्सा अधिकारी अपने पास रख लेते थे। कुल मिलाकर हर तरफ से विभाग को नुकसान पहुंचा और अधिकारी अमीर होते चले गए।

### लुधियाना और चंडीगढ़ के अधिकारियों को दे रहे गच्चा

चर्चा है कि बिल्डिंग इंस्पेक्टरों द्वारा इस चालान के खेल में अकेले लुधियाना ही नहीं बल्कि चंडीगढ़ बैठे लोकल बॉडी विभाग के अधिकारियों को भी गच्चा दे दिया जा रहा है। चर्चा है कि इन मामलों में अगर चंडीगढ़ सीवीओ विभाग, कमिश्नर, एडिशनल कमिश्नर और विधायक भी पूछताछ करें तो इंस्पेक्टरों द्वारा चालान कर देने की बात कह दी जाती है, मगर कंपाउंडिंग फीस जमा करवाई जा नहीं, यह नहीं बताया जाता। वहीं कई इमारतों के तो चालान ही नहीं दिखाए जाते। इंस्पेक्टरों ने दर्जनों के हिसाब से चालान बुक भर डाली, लेकिन 80 से 90 प्रतिशत में हेरफेर कर डाला।

### चालान के साथ साथ यह जानकारियां दिखाई देंगी

जानकारी के अनुसार राज्य की किसी भी कारपोरेशन में बिल्डिंग इंस्पेक्टर द्वारा जब भी किसी अवैध इमारत का चालान किया जाएगा, तो उसे मैनुअल नहीं किया जाएगा। इंस्पेक्टर इसे ऑनलाइन पोर्टल पर करेगा। वहीं बिल्डिंग में कितना एरिया नियमों के मुताबिक लीगल है, कितना इललीगल है और इललीगल में कितनी और कब कंस्ट्रक्शन की गई, इसकी जानकारी देनी होगी। वहीं इमारत में मौजूद कमियों संबंधी बताया जाएगा। फिर बाद में कितना जुर्माना लगा, कब बिल्डिंग कंपाउंड हुई, किस आधार व नियम के तहत कंपाउंड किया और कितनी फीस जमा करवाई, इसकी जानकारी देनी होगी। इसमें हेरफेर करना असंभव है। अगर हेरफेर होता है तो तुरंत पता चल जाएगा।

### 25 साल का ऑडिट होने पर होंगे बड़े खुलासे

चर्चा है कि कारपोरेशन के चारों जोन में चालान की एवज में करोड़ों का हेरफेर का खेल आज से नहीं बल्कि पिछले 25 साल से चल रहा है। इसी वजह से शहर में इमारतें तो धड़ल्ले से बन रही है, चालान भी हो रहे है। लेकिन निगम के खाते में उस मुताबिक पैसा जमा नहीं हो रहा। जिसके चलते पंजाब सरकार और मंत्री संजीव अरोड़ा व उच्च अधिकारियों को पिछले 25 सालों के चालान व जमा हुई कंपाउंडिंग फीस का ऑडिट कराना चाहिए। जिससे कई बड़े नाम सामने आएंगे। अभी भी मौजूदा समय में कई इंस्पेक्टर यह खेल खेल रहे हैं। जल्द ही उन अधिकारियों द्वारा किए चालान के घोटाले और प्रॉपर्टियों का खुलासा हो सकता है।

एटीपी भी जिम्मेदार...चर्चा है कि इंस्पेक्टरों की चालान बुक को कमिश्नर से लेकर एटीपी तक कोई भी चैक कर सकता है। लेकिन चैकिंग की मुख्य जिम्मेदारी एमटीपी व एटीपी की होती है। चर्चा है कि पिछले 25 सालों के दौरान कई अधिकारियों की मिलीभगत रही। जिसके चलते सभी ने मिलकर रिश्वत का खेल खेला। अब अगर चैकिंग करने वाले खुद ही भ्रष्टाचार में लिपित हो गए, तो एक्शन कौन लेता। हालांकि पहले भी ई चालान प्रक्रिया थी, लेकिन इंस्पेक्टर इसे इस्तेमाल नहीं करते थे। अब इसे अनिवार्य कर दिया है।

# शिवालिक विहार में अवैध पीजी को लेकर हंगामा, युवक-युवती और दुकानदार में झगड़ा

जीरकपुर/यूटर्न/03 मई। पटियाला रोड स्थित शिवालिक विहार में रविवार को उस समय माहौल तनावपूर्ण हो गया जब चंडीगढ़ सुपर मार्केट के पास चल रहे एक कथित अवैध पीजी को लेकर युवक-युवती और एक दुकानदार के बीच विवाद बढ़ गया। जानकारी के अनुसार दुकान मालिक कुलदीप कुमार का पीजी में रहने वाले युवक और युवती से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते झगड़े में बदल गई। आरोप है कि विवाद के दौरान युवती ने दुकानदार को झूठे दुष्कर्म मामले में फंसाने की धमकी दी। इसी बीच दुकान का एक कर्मचारी घटना की वीडियो बनाने लगा, जिसे देखकर युवक भड़क उठा और उसने कुलदीप कुमार पर ईंट से हमला



करने की कोशिश की। हालांकि दुकानदार ने मौके से भागकर अपनी जान बचा ली। मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि युवक और युवती नशे की हालत में थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को हिरासत में लेकर थाने ले गई। दुकानदार ने दोनों का डोप टेस्ट करवाने की मांग की है, ताकि नशे की पुष्टि हो सके। इस घटना के बाद इलाके में



अवैध रूप से चल रहे पीजी और होटलों को लेकर स्थानीय निवासियों में भारी रोष देखने को मिला। शिवालिक विहार के निवासियों कुलदीप कुमार, गुरमेल सिंह, अमरजीत सिंह, इकबाल सिंह, रवि कुमार, रेणु, मंजू और शिवानी ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में बिना अनुमति के बड़ी संख्या में पीजी और होटल संचालित हो रहे हैं। निवासियों का कहना है कि इन अवैध ठिकानों की आड़ में देह व्यापार और नशे का कारोबार चल रहा है, जिससे क्षेत्र का सामाजिक माहौल बिगड़ रहा है और युवाओं पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा है। रात के समय संदिग्ध लोगों की आवाजाही बढ़ने से सुरक्षा को लेकर भी भय बना हुआ है। लोगों ने बताया कि देर रात तक युवक-युवतियों का आना-जाना लगा रहता है, जिससे परिवारों को परेशानी हो रही है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि कई बार शिकायत के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो वे सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

## तेज आंधी-बारिश से चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर उड़ानें प्रभावित, कई फ्लाइट्स देरी से रवाना

चंडीगढ़/यूटर्न/03 मई। रविवार सुबह अचानक बदले मौसम ने हवाई यात्रियों की मुश्किलें बढ़ा दीं। तेज आंधी, बारिश और



खराब दृश्यता के कारण चंडीगढ़ इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उड़ान संचालन प्रभावित रहा, जिससे कई घरेलू फ्लाइट्स निर्धारित समय से देरी से रवाना हुईं। जानकारी के मुताबिक, हैदराबाद जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट अक-1862 करीब एक घंटे से ज्यादा देरी से रवाना हुई। इसी तरह बेंगलुरु के लिए इंडिगो की फ्लाइट 6ए-6634 और मुंबई जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट अक-472 भी तय समय से काफी देर बाद उड़ान भर सकीं। अचानक बदले मौसम के चलते एयरपोर्ट पर यात्रियों को लंबे इंतजार का सामना करना पड़ा।

### आगमन उड़ानों पर कम असर

हालांकि, आने वाली फ्लाइट्स पर असर अपेक्षाकृत कम रहा। इसके पीछे एयरफोर्स द्वारा जारी नोटम को अहम कारण माना जा रहा है, जिसके तहत लैंडिंग का समय पहले से निर्धारित किया गया था।

### सुरक्षा को दी गई प्राथमिकता

एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार, खराब मौसम के बावजूद उड़ानों का संचालन पूरी सावधानी और सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए किया गया। दृश्यता कम होने और तेज हवाओं के चलते पायलटों को अतिरिक्त सतर्कता बरतनी पड़ी। मौसम विभाग के अनुसार, क्षेत्र में अगले कुछ घंटों तक मौसम में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है, जिससे उड़ान संचालन पर असर पड़ने की संभावना बनी हुई है।

## कैबिनेट मंत्री Arora ने 2.53 करोड़ के सड़क प्रोजेक्ट शुरू किए, शहरी विकास को मिली रफ्तार



लुधियाना/यूटर्न/03 मई। पंजाब सरकार द्वारा शहरी विकास को गति देने के उद्देश्य से कैबिनेट मंत्री रंल्ल्रीी५ अ१ङ्ग१ ने शहर के बीआरएस नगर, प्रेम नगर, हकीकत नगर और न्यू पटेल नगर में करीब 2.53 करोड़ रुपये की लागत से सड़क निर्माण व अपग्रेडेशन परियोजनाओं की शुरूआत की। इन कार्यों के तहत बीआरएस नगर के ब्लॉक-सी में लगभग 90.55 लाख रुपये खर्च कर सड़कों का निर्माण किया जाएगा, जबकि प्रेम नगर, हकीकत नगर और न्यू पटेल नगर में 1.62 करोड़ रुपये की लागत से सड़कों का पुनर्निर्माण और इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछाई जाएंगी। मंत्री Sanjeev Arora ने कहा कि राज्य सरकार गुणवत्तापूर्ण सड़क ढांचे के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और पूरे पंजाब में लगभग 2120 किलोमीटर शहरी सड़कों का निर्माण करीब 1300 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है, जिन्हें मई के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने और गुणवत्ता में किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने के सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने Arvind Kejriwal और Bhagwant Mann के नेतृत्व में राज्य में जनहित और सतत विकास को प्राथमिकता देने की बात दोहराई। उद्घाटन अवसर पर मेयर, नगर निगम अधिकारी और स्थानीय पार्षद भी मौजूद रहे।

# मित्तल परिवार और आदर पूनावाला ने 15,660 करोड़ रुपये की डील में राजस्थान रॉयल्स को खरीदा

चंडीगढ़/यूटर्न/3 मई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मालिकाना हक में हो रहे बदलावों के बीच एक और बड़ी डील हुई है। मार्च में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के 1.78 अरब डॉलर में आदित्य बिड़ला के नेतृत्व वाले ग्रुप को बिकने के कुछ महीनों बाद, अब राजस्थान रॉयल्स ने भी अपने मालिकाना हक में एक बड़े बदलाव की पुष्टि की है। लक्ष्मी एन. मित्तल और आदित्य मित्तल के नेतृत्व वाले मित्तल परिवार ने इस फ्रेंचाइजी को खरीदने के लिए एक पक्का समझौता किया है। इस डील की कीमत लगभग 1.65 अरब डॉलर, यानी करीब 15,660 करोड़ रुपये है। यह खरीद सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के उएड आदर पूनावाला के साथ साझेदारी में की गई है। इस ग्रुप ने मनोज बदाले और उनके साथी निवेशकों से यह फ्रेंचाइजी खरीदी है।





### रॉयल्स का ग्लोबल पोर्टफोलियो शामिल

इस मूल्यांकन में रॉयल्स का ग्लोबल पोर्टफोलियो शामिल है, जिसमें क्ढछ टीम के अलावा, दक्षिण अफ्रीका की पार्ल रॉयल्स और कैरेबियन की बारबाडोस रॉयल्स भी शामिल हैं। इस घोषणा के साथ ही उन हालिया अटकलों पर भी विराम लग गया है, जिनमें कहा जा रहा था कि उद्यमी कल सोमानी के नेतृत्व वाले अमेरिका स्थित एक ग्रुप ने इस फ्रेंचाइजी को हासिल कर लिया है। डील पूरी होने के बाद मित्तल परिवार के पास फ्रेंचाइजी में 75% हिस्सेदारी होगी, जबकि पूनावाला के पास लगभग 18% हिस्सेदारी होगी। बाकी 7% हिस्सेदारी बदाले के पास ही रहेगी।

### मित्तल के लिए घर वापसी

उत्तरी राजस्थान के सादुलपुर गांव में जन्मे लक्ष्मी एन. मित्तल के लिए इस डील का एक निजी जुड़ाव भी है। उन्होंने कहा, मुझे क्रिकेट बहुत पसंद है और मेरा परिवार राजस्थान से है, इसलिए IPL में राजस्थान रॉयल्स के अलावा ऐसी कोई दूसरी टीम नहीं है, जिसका मैं हिस्सा बनना चाहूंगा। पूनावाला ने कहा, इस निवेश में आदित्य मित्तल के साथ साझेदारी करके मुझे बहुत खुशी हो रही है। राजस्थान रॉयल्स एक बेहतरीन IPL फ्रेंचाइजी है, जिसका एक मजबूत इतिहास रहा है। मैं इसके लगातार विकास में सहयोग करने के लिए उत्सुक हूं।

# चंडीगढ़ में कारोबार करना होगा आसान, 'राइट टू बिजनेस' मॉडल लागू करने की तैयारी

चंडीगढ़/यूटर्न/03 मई। निवेश और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रशासन ने बड़ा कदम उठाते हुए 'राइट टू बिजनेस' फ्रेमवर्क लागू करने की दिशा में पहल शुरू कर दी है। केंद्र सरकार के डीरिगुलेशन अभियान 2.0 के तहत यह मॉडल पंजाब की तर्ज पर चंडीगढ़ में लाया जा रहा है, जिससे कारोबारियों को नियमों के जंजाल से राहत मिलने की उम्मीद है।

प्रशासन की योजना के मुताबिक, Punjab Right to Business Act, 2020 के प्रावधानों को आवश्यक बदलावों के साथ चंडीगढ़ में लागू किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल तैयार करना और कारोबार शुरू करने की प्रक्रिया को सरल बनाना है।




### बिना देरी शुरू हो सकेगा कारोबार

नई व्यवस्था के तहत पात्र उद्यमों को 'इन-प्रिंसिपल अप्रूवल' प्रमाणपत्र दिया जाएगा। इससे उद्यमी सभी औपचारिक मंजूरियां मिलने से पहले ही अपना काम शुरू कर सकेंगे। यह प्रमाणपत्र करीब साढ़े तीन साल तक वैध रहेगा और इस दौरान निरीक्षण केवल शिकायत मिलने पर ही किया जाएगा।

### सिंगल विंडो सिस्टम से मिलेगी राहत

प्रशासन 'चंडीगढ़ ब्यूरो ऑफ एंटरप्राइज एंड इन्वेस्टमेंट' नाम से एक नई एजेंसी गठित करेगा, जो निवेश से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं को एक ही प्लेटफॉर्म पर लाएगी। सिंगल विंडो सिस्टम के जरिए मंजूरियां, शिकायत निवारण और निवेश प्रोत्साहन से जुड़े काम किए जाएंगे। सभी सेवाएं डिजिटल पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध होंगी।

### समयसीमा तय, देरी पर 'डीम्ड अप्रूवल'

भवन नक्शा पास करवाने, श्रम पंजीकरण, प्रदूषण मंजूरी और बिजली-पानी कनेक्शन जैसी विभिन्न विभागों की प्रक्रियाओं को एकीकृत किया जाएगा। इन मंजूरियों के लिए 5 से 15 दिन की समयसीमा तय की गई है। यदि तय समय में अनुमति नहीं मिलती, तो 'डीम्ड अप्रूवल' स्वत: लागू हो जाएगा।

### निवेश और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

प्रशासन को उम्मीद है कि इस नई नीति से चंडीगढ़ में निवेश आकर्षित होगा, नए उद्योग स्थापित होंगे और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। साथ ही, शहर को एक कारोबारी दृष्टि से अनुकूल और प्रतिस्पर्धी गंतव्य के रूप में विकसित करने में मदद मिलेगी।

# वीआईपी रोड से नाबालिग लापता, अपहरण की आशंका

जीरकपुर/यूटर्न/03 मई। वीआईपी रोड स्थित एक रिहायशी टावर में रहने वाले परिवार ने अपनी नाबालिग बेटी के लापता होने की शिकायत पुलिस को दी है। परिजनों के अनुसार, उनकी बेटी 1 मई की शाम करीब 8:30 बजे घर से नीचे गई थी, लेकिन इसके बाद वह वापस नहीं लौटी। परिवार ने अपने स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। परिजनों ने आशंका जताई है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी बेटी को शादी का झांसा देकर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और जल्द ही मामले का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।



पेज 06 बलटाना के प्राचीन शिव मंदिर में नई कमेटी सक्रिय...

# लुधियाना में लैंड माफिया एक्टिव, लोगों को मोहरे बना कर रहे इस्तेमाल, करोड़ों का रेड फोर्ट विला कब्जाने का प्रयास, मामला दर्ज

## विजिलेंस, एसडीएम, एसपी और एफएसएल रिपोर्ट के बावजूद 13 साल बाद मिला इंसाफ



आरोपी को कोर्ट पेश करने ले जाती पुलिस


राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/3 मई। लुधियाना में लैंड माफिया एक्टिव हो चुका है। जिनकी और से जमीन हड़पने के लिए लोगों को मोहरा बनाकर इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला पक्खोवाल रोड के विशाल नगर का सामने आया है। जहां एक फाइनेंसर के रेड फोर्ट विला संबंधी जाली वसीयत व दस्तावेज तैयार कर हड़पने का प्रयास किया। विजिलेंस रिपोर्ट, एसडीएम-पुलिस अफसरों की जांच, एफएसएल लैब रिपोर्ट के बावजूद 13 साल लंबी लड़ाई लड़ने के बाद पीड़ित को इंसाफ मिल सका। थाना सराभा नगर की पुलिस ने विशाल नगर रेड फोर्ट विला के जसविंदर सिंह वड़ैच की शिकायत पर गांव सुनेत के रहने वाले सोहन सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता फाइनेंसर है। शिकायतकर्ता के मुताबिक उसने विशाल नगर स्थित जमीन को 1991 में खरीदा था। जहां पर उन्होंने अपना रेड फोर्ट विला बनाया और 35 साल से रिहायश है। आरोपी द्वारा लैंड माफिया गिरोह के साथ मिलकर उक्त जमीन संबंधी अपने दादा दियाल सिंह की जाली वसीयत पेश करके जमीन उसके हिस्से में आने का दावा कर हड़पने का प्रयास किया गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपी सोहन सिंह के दादा दियाल सिंह की साल 1985 में 15 कनाल जमीन गांव सुनेत को लुधियाना इंप्रूवमेंट ट्रस्ट ने एक्वायर किया था। जिसके बदले ट्रस्ट ने दियाल सिंह को एक प्लॉट अलॉट करना था। यह केस एलडीपी स्कीम के अधीन था।

### 1991 में हुआ था प्लॉट का सौदा

शिकायतकर्ता अनुसार 1989 में दियाल सिंह ने ट्रस्ट से मिलने वाले प्लॉट की खाली रजिस्ट्री का इकरारनामा 60 हजार रुपए लेकर साउथ मॉडल ग्राइम के सुखजिंदर सिंह और गांव सुनेत के गुरमेल सिंह के नाम पर किया। फिर उन्होंने 1991 में इकरारनामा शिकायतकर्ता की पत्नी कमलजीत कौर के नाम पर कर दिया। शिकायतकर्ता ने 1991 में ट्रस्ट से विशाल नगर में प्लॉट अलॉट कराया और 2.62 लाख रुपए बनती रकम जमा करवा दी। नियमों के मुताबिक पहली रजिस्ट्री फस्ट पार्टी के नाम पर होने के चलते दियाल सिंह के नाम पर हुई। जिसके बाद 2013 में कमलजीत कौर के नाम रजिस्ट्री ट्रांसफर हुई।

### लैंड माफिया दे रहा था शह



शिकायतकर्ता जसविंदर वड़ैच ने बताया कि इस पूरे मामले में एक वालिया नामक लैंड माफिया शामिल था। जिसकी और से सोहन सिंह को मोहरा बनाकर इस्तेमाल किया जा रहा था, जबकि बैक पर पूरा षड्यंत्र वहीं रच रहा था। लैंड माफिया द्वारा पहले जमीन के जाली दस्तावेज तैयार किए गए, फिर वसीयत बनाई गई। हालांकि उन्होंने जमीन हड़पने का प्रयास काफी किया, लेकिन वे इंसाफ के लिए डटे रहे।

### दोनों वसीयतें निकलवाई, तो फजीर्वाड़े का हुआ खुलासा

जसविंदर वड़ैच अनुसार उन्हें शक हुआ कि आरोपी द्वारा वसीयत जाली तरीके से तैयार कर रखी है। जिसके बाद उन्होंने आरोपी द्वारा विजिलेंस ऑफिस में दी वसीयत और रजिस्टरार ऑफिस में हुई असली वसीयत की सटीर्फाइड कॉपियां ली गई। दोनों में हेरफेर था। जिसके बाद उसे ठगी का पता चला। शिकायतकर्ता ने साल 2023 में इसकी शिकायत डीसी लुधियाना को दी। जिसे जांच के लिए एसडीएम के पास भेजा गया। अधिकारी द्वारा जांच की गई और अपनी रिपोर्ट में पाया कि दोनों वसीयतें शक के घेरे में है। जिसकी जांच होनी जरुरी है।

### वसीयतों की हुई फोरेसिंक जांच

शिकायतकर्ता ने इस संबंधी 2025 में पुलिस को शिकायत दी। जांच में पुलिस ने दोनों वसीयतें फोरेसिंक जांच के लिए लैब भेजी। एफएसएल रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि दोनों वसीयतें अलग अलग हैं। यानि कि आरोपी द्वारा असली वसीयत में हेरफेर कर जाली वसीयत बना रखी थी। लेकिन उसके बाद भी मामला दर्ज नहीं हुआ और शिकायतकर्ता पुलिस अधिकारियों के ऑफिसों के चक्कर लगाता रहा। जिसके बाद उन्होंने फिर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा के आदेशों के बाद मामला दर्ज किया गया। आखिर 13 साल लंबी लड़ाई के बाद इंसाफ मिला।

### आरोपी ने तैयार की जाली वसीयत, विजिलेंस जांच में फंसा

शिकायतकर्ता अनुसार आरोपी ने अपने दादा दियाल सिंह की असली वसीयत के साथ मेल खाती जाली वसीयत तैयार करके दावा किया कि उसके दादा ने उक्त प्रॉपर्टी उसके हिस्से में दी है। साल 2014 में विजिलेंस एसएसपी ने जांच की और नतीजा शिकायतकर्ता के पक्ष में आया। वहीं आरोपी की वसीयत गलत पाई गई। लेकिन उसके बाद भी आरोपी द्वारा लगातार अलग अलग विभागों में झूठी शिकायतें दी जाती रही।

### सरकारी विभागों के अधिकारियों की भी मिलीभगत

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि दरअसल, लैंड माफिया द्वारा लुधियाना इंप्रूवमेंट ट्रस्ट समेत कई विभागों में मुलाजिमों के साथ सेटिंग कर रखी है। उक्त मुलाजिम माफिया को बताते हैं कि कौन सी जमीन हड़पनी है और किसका विवाद हो सकता है। फिर माफिया द्वारा उक्त जमीन से संबंधित लोगों को हायर किया जाता है और उनके जरिए पुलिस को शिकायत दिलाई जाती है। इसमें माफिया खुद जमीन हड़प लेता है और मोहरा बने व्यक्ति को कुछ पेमेंट अदा कर साइड कर दिया जाता है।

### मारपीट, जमीन हड़पने व लूट के मामले भी दर्ज

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि लैंड माफिया वालिया पर पहले भी जमीनें हड़पने के पांच मामले दर्ज है। इस मामले में भी उसका नाम शामिल है, लेकिन पुलिस ने अभी नामजद नहीं किया। वहीं आरोपी सोहन सिंह पर ने उनके वर्कर से मारपीट की थी, जिसमें उसे सजा हो चुकी है। वहीं 2015 में उनसे पांच लाख रुपए छींन लिए थे। यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है।

# कश्यप जन्मोत्सव में सैनी का संबोधन, समाज को बताया साहसी और स्वाभिमानी



लुधियाना/यूटर्न/03 मई। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महानगर में आयोजित महर्षि कश्यप जन्मोत्सव समारोह को संबोधित करते हुए पंजाब के लोगों से आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकार बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यदि पंजाब में भाजपा की सरकार बनती है तो हरियाणा में लागू सभी जनकल्याणकारी योजनाएं यहां भी लागू की जाएंगी। सैनी ने कहा कि पंजाब के लोगों या उनके रिश्तेदारों के किसी भी कार्य के लिए हरियाणा सीएम हाउस के दरवाजे हमेशा खुले हैं और हर संभव मदद की जाएगी।

ੴ ਸਤਿਗੁਰ ਪ੍ਰਸਾਦਿ॥
ਜੇਹਾ ਚੀਰੀ ਲਿਖਿਆ ਤੇਰਾ ਹੁਕਮੁ ਕਮਾਹਿ ॥
ਘਲੇ ਆਵਹਿ ਨਾਨਕਾ ਸਦੇ ਉਠੀ ਜਾਹਿ ॥

BHOG & ARDAS SAMAGAM



With profound grief we inform the sad demise of our Beloved

S. Amrit Pal Singh Chadha

Who Left us for Heavenly Abode on 30th April 2026
Bhog & Ardas Samagam will be held on

MONDAY, 4TH MAY, 2026

Time : 1.00 pm to 2.30 pm

Gurdwara Singh Sabha, Sarabha Nagar, Ludhiana

In Grief :
Paramjeet Kaur (Wife)
Raman & Heena Chadha (Son & Daughter in Law)
Sonu & Sunny Chandoke (Daughter & Son in Law)
Deepa & Harpreet Singh Gujral (Daughter & Son in Law)
Vinnie & Param Khanuja (Daughter & Son in Law)

Grand Children :
Mankirat, Harnadar, Sajjan, Gurshant, Savleen,
Japnit, Anshdeep, Ishaan Chadha & Rihaan Chadha

APS EXPRESS LOGISTICS PVT. LTD.
PARCEL SERVICE
TYRES

Gagan Freight Carriers

93169-22179, 98780-00049, 87250-00081, 87907-00001

# पंचकूला नगर निगम चुनाव: वार्ड-6 में तेज हुई सियासी जंग, गगन चावला ने झोंकी पूरी ताकत

अजीत झा

पंचकूला/यूटर्न/03 मई। पंचकूला में नगर निगम चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे शहर का सियासी माहौल गरमाता जा रहा है। खासतौर पर वार्ड-6 इस बार हॉट सीट बनकर उभरा है, जहां मुकाबला बेहद दिलचस्प और कांटे का माना जा रहा है। आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी गगन चावला ने अपने चुनावी अभियान को पूरी ताकत के साथ मैदान में उतार दिया है और लगातार जनसंपर्क के जरिए मतदाताओं तक पहुंच बना रहे हैं। गगन चावला पिछले कई दिनों से वार्ड के अलग-अलग क्षेत्रों में डोर-टू-डोर कैंपेन चला रहे हैं। वे स्थानीय निवासियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुन रहे हैं और समाधान का भरोसा दिला रहे हैं। उनके साथ बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक भी मौजूद रहते हैं, जिससे चुनावी माहौल और भी सक्रिय नजर आ रहा है।





## स्थानीय मुद्दों पर फोकस

चावला ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान वार्ड-6 के प्रमुख मुद्दों को जोर-शोर से उठाया है। उन्होंने साफ-सफाई की व्यवस्था को दुरुस्त करने, टूटी सड़कों की मरम्मत और क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने को अपनी प्राथमिकताओं में शामिल किया है। उनका कहना है कि वार्ड-6 में कई ऐसी समस्याएं हैं जो लंबे समय से अनदेखी का शिकार रही हैं। यदि उन्हें जनता का समर्थन मिलता है तो वे इन मुद्दों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करेंगे।

# पंचकूला पुलिस ने बनाया 'ग्रीन कॉरिडोर', तीन अलग-अलग शहरों के लिए चंद मिनटों में रवाना हुए जीवन रक्षक अंग

पंचकूला/यूटर्न/03 मई। आज पंचकूला में मानवता और कर्तव्यनिष्ठा का एक अनूठा संगम देखने को मिला, जब जिला पुलिस ने एक ब्रेन डेड मरीज द्वारा दान किए गए अंगों को गंतव्य तक पहुँचाने के लिए एक साथ तीन अलग-अलग रूटों पर 'ग्रीन कॉरिडोर' स्थापित किया। कमांड अस्पताल (चंडीमंदिर) में अंग प्रत्यारोपण की प्रक्रिया के बाद, अंगों को बेहद कम समय में चंडीगढ़, मोहाली और टेक्निकल एयरपोर्ट चंडीगढ़ तक पहुँचाया गया। समय की महत्ता को देखते हुए पंचकूला ट्रैफिक पुलिस ने एसएचओ वरिंदर कुमार के नेतृत्व में अपनी तत्परता दिखाई और सुनिश्चित किया कि एम्बुलेंस बिना किसी बाधा के ट्रैफिक को पार कर सकें। इस सफल ऑपरेशन के तहत पीजीआईएमईआर चंडीगढ़, अपोलो अस्पताल दिल्ली (मोहाली एयरपोर्ट के रास्ते) और सेना के हवाई अड्डे के लिए अंगों की सुरक्षित रवानगी की गई।

पुलिस विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इस मिशन की शुरूआत दोपहर 2:30 बजे हुई जब अपोलो अस्पताल की टीम को हवाई अड्डे से कमांड अस्पताल पहुँचाया गया। इसके पश्चात शाम 5 बजे से 8 बजे के बीच सबसे महत्वपूर्ण चरण शुरू हुआ। ट्रैफिक पुलिस ने पीसीआर-9 के माध्यम से कमांड अस्पताल से मोहाली एयरपोर्ट (जीरकपुर बॉर्डर के रास्ते), पीसीआर-8 के माध्यम से टेक्निकल एयरपोर्ट चंडीगढ़ और पीसीआर-3 के माध्यम से हाउसिंग बोर्ड चौक होते हुए पीजीआई चंडीगढ़ तक निर्बाध रास्ता प्रदान किया। इस दौरान सैकड़ों वाहनों को रोककर एम्बुलेंस के लिए 'ग्रीन सिग्नल' रखा गया, जिससे अंगों की 'इस्केमिक टाइम' (अंगों की कार्यक्षमता की अवधि) के भीतर पहुँचाना संभव हो सका।





## डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता



अंग दान एक महादान है और इसमें समय की एक-एक सेकंड की कीमत होती है। आज पंचकूला ट्रैफिक पुलिस के लिए यह एक चुनौतीपूर्ण लेकिन संतोषजनक कार्य था कि हमें एक साथ तीन अलग-अलग दिशाओं में ग्रीन कॉरिडोर का प्रबंधन करना था। कमांड अस्पताल से मोहाली एयरपोर्ट, टेक्निकल एयरपोर्ट चंडीगढ़ और पीजीआई चंडीगढ़ तक एम्बुलेंस को बिना किसी रुकावट के पहुँचाने के लिए हमारे जवानों ने जी-जान लगा दी। हमारा उद्देश्य केवल कानून व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि जीवन बचाने की इस जंग में एक सेतु की भूमिका निभाना भी है। हम अंग दाता के परिवार के साहस को नमन करते हैं और गर्व महसूस करते हैं कि पंचकूला पुलिस इस नेक कार्य में अपनी भूमिका समयबद्ध तरीके से निभा सकी।

# इंडियन ओशन बैंड ने सुधीर रीमा दीवान फाउंडेशन के दूसरे चैरिटी फंडरेजर कार्यक्रम में शहरवासियों को किया तृप्त



चंडीगढ़/यूटर्न/03 मई। सुधीर रीमा दीवान फाउंडेशन ने टैगोर थिएटर में अपना दूसरा चैरिटी फंडरेजर आयोजित किया, जिसमें मशहूर रॉक बैंड इंडियन ओशन ने शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भारतीय फ्यूजन संगीत के अग्रणी इस बैंड ने रॉक, शास्त्रीय, फोक और जैज के अनूठे संगम से कार्यक्रम को खास बना दिया। फाउंडेशन की स्थापना एक प्रेरणादायक व्यक्तिगत विरासत से जुड़ी है। लिवर ट्रांसप्लांट प्राप्तकर्ता स्वर्गीय सुधीर दीवान ने 17 वर्षों तक 250 से अधिक लोगों को नया जीवन दिलाने में योगदान दिया। उनके इसी समर्पण से प्रेरित होकर, मोहन फाउंडेशन के सहयोग से रीमा दीवान और दिव्या दीवान मेहता के नेतृत्व में एसआरडीएफ की स्थापना की गई। अपने पहले ही वर्ष में फाउंडेशन ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। एसआरडीएफ द्वारा 206 से अधिक अंगदान जागरूकता सत्र आयोजित किए गए, जिनसे 2500 से अधिक लोगों ने राष्ट्रीय रजिस्ट्री में प्रतिज्ञा दर्ज कराई। इसके अलावा 16,000 से अधिक लोगों को अंगदान के महत्व के बारे में शिक्षित किया गया। संस्था ने आर्थिक रूप से कमजोर ट्रांसप्लांट मरीजों को महंगी पोस्ट-ट्रांसप्लांट दवाओं तक पहुंच सहित महत्वपूर्ण सहायता भी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान मैनेजिंग ट्रस्टी रीमा दीवान ने कहा कि इंडियन ओशन का यह कॉन्सर्ट 'म्यूजिक विद पर्पज' का प्रतीक है, जो समाज के वंचित वर्गों के जीवन को बेहतर बनाने और बचाने के लिए एक बढ़ता हुआ अभियान है। उन्होंने बताया कि भारत में प्रतिदिन औसतन 49 लोग अंग की प्रतीक्षा में अपनी जान गंवा देते हैं, जबकि हर 10 मिनट में एक नया मरीज प्रतीक्षा सूची में जुड़ जाता है। एसआरडीएफ ने अपने सभी स्वयंसेवकों, समर्थकों और दानदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सामूहिक प्रयास भले ही समुद्र में एक बूंद के समान हो, लेकिन हर बूंद का महत्व है। संस्था ने महान समाजसेवी मदर टेरेसा के शब्दों को दोहराते हुए कहा कि समुद्र उस एक बूंद के बिना भी अधूरा है।



# विवाह का झांसा देकर दो नाबालिग लड़कियों का अपहरण, केस दर्ज

जीरकपुर/यूटर्न/03 मई। शहर और आसपास के क्षेत्रों में नाबालिग लड़कियों को विवाह का झांसा देकर अगवा किए जाने के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं। दोनों घटनाओं के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले मामले में वीआईपी रोड स्थित एक रिहायशी टावर में रहने वाले परिवार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी नाबालिग बेटी, जो पढ़ाई के साथ कोचिंग भी कर रही थी, 1 मई की शाम करीब 8:30 बजे घर से नीचे गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिवार ने अपने स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों ने आशंका जताई है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी बेटी को विवाह का झांसा देकर अपने साथ ले गया है। दूसरा मामला गांव दयालपुरा क्षेत्र से जुड़ा है, जहां एक परिवार की नाबालिग बेटी संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई। घटना वाले दिन सुबह जब परिवार के सदस्यों ने देखा तो लड़की घर में नहीं थी। काफी तलाश के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल पाया और उसका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है।

यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India


पेज 12 अवैध निर्माण की अनदेखी पड़ी भारी, शिकायतों के ...

# चेन्नई एयरपोर्ट पर चलते विमान से इमरजेंसी एग्जिट खोलकर एक व्यक्ति कूदा

चंडीगढ़/यूटर्न/3 मई। शारजाह से चेन्नई जाने वाली एयर अरेबिया की एक फ़्लाइट में सवार 34 साल के एक यात्री ने कथित तौर पर इमरजेंसी एग्जिट खोलकर विमान से छलांग लगा दी, जबकि विमान अभी भी टैक्सीवे पर चल रहा था। यह घटना रविवार तड़के चेन्नई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर विमान के उतरने के बाद सामने आई। एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया कि यह घटना विमान के जमीन पर उतरने के कुछ ही देर बाद हुई, जब 231 यात्रियों को लेकर जा रहा विमान मुख्य रनवे से हटकर टैक्सीवे पर धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा था, लेकिन अभी पूरी तरह से रुका नहीं था।



### यात्री अस्वस्थ लग रहा था

एक वरिष्ठ एयरपोर्ट अधिकारी ने घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए कहा, विमान अभी भी धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा था, तभी वह उससे कूद गया। इस घटना में किसी की जान नहीं गई और न ही विमान को कोई नुकसान पहुँचा। अधिकारी ने आगे बताया कि यह घटना मुख्य रनवे पर नहीं हुई थी। शुरूआती रिपोर्टों से पता चलता है कि उड़ान के दौरान यात्री की तबीयत खराब हो सकती है।

### यात्री की हरकत से सुरक्षा को लेकर हड़कंप

पायलट ने तुरंत जमीनी अधिकारियों को इसकी सूचना दी। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) के जवानों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उस व्यक्ति को हिरासत में ले लिया और आगे की पूछताछ के लिए पुलिस के हवाले कर दिया। इस घटना के कारण एयरपोर्ट के कामकाज में कुछ समय के लिए रुकावट आई; एहतियात के तौर पर मुख्य रनवे को सुबह 3:23 बजे से 4:23 बजे तक बंद रखा गया। उड़ानों को कुछ समय के लिए दूसरे रनवे पर भेजा गया।

### तमिलनाडु का रहने वाला है व्यक्ति

हालांकि, उस व्यक्ति की पहचान की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है, लेकिन रिपोर्टों के अनुसार वह तमिलनाडु का रहने वाला है। अधिकारियों ने सुरक्षा में हुई इस चूक की जाँच शुरू कर दी है, हालांकि अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस घटना में विमान को कोई नुकसान नहीं पहुँचा और न ही किसी यात्री या चालक दल के सदस्य को कोई चोट आई है।

# विनेश फोगाट का बड़ा खुलासा: 'शोषण का शिकार हुई 6 खिलाड़ियों में मैं भी शामिल'

चंडीगढ़/यूटर्न/03 मई। ओलंपियन पहलवान और जुलाना से कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट ने एक बार फिर कुश्ती जगत को लेकर बड़ा बयान दिया है। सोशल मीडिया पर जारी अपने संदेश में उन्होंने खुलासा किया कि महिला पहलवानों के शारीरिक शोषण के मामले में जिन छह खिलाड़ियों ने शिकायत दर्ज कराई थी, उनमें वह खुद भी शामिल थीं। विनेश ने कहा कि वह पिछले डेढ़ साल से अखाड़े से दूर थीं, लेकिन कुछ महीने पहले उन्होंने दोबारा अभ्यास शुरू किया है। उनका लक्ष्य एक बार फिर देश के लिए पदक जीतना और तिरंगे का मान बढ़ाना है।

### कुश्ती संघ और प्रतियोगिता पर उठाए सवाल

विनेश फोगाट ने भारतीय कुश्ती संघ की ओर से आयोजित रैंकिंग प्रतियोगिता पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रतियोगिता ऐसे स्थान पर करवाई जा रही है, जहां इ१ ई४२ॅल्ल रॅ१ंल्ल ्रल्लॅ का निजी संस्थान है। ऐसे माहौल में निष्पक्षता पर सवाल उठते हैं और खिलाड़ियों को उनका हक मिलना मुश्किल हो सकता है।

उन्होंने यह भी कहा कि मुकाबलों के निर्णायकों, अंक देने और नतीजों को प्रभावित



करने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

### शोषण मामले में खुद को बताया पीड़ित

विनेश ने बताया कि तीन साल पहले महिला पहलवानों ने शारीरिक शोषण के खिलाफ आवाज उठाई थी और मामला फिलहाल अदालत में लंबित है। उन्होंने कहा छह महिला खिलाड़ियों ने इस मामले में गवाही दी है और मैं भी उनमें से एक पीड़ित हूं।

उन्होंने यह भी जोड़ा कि आमतौर पर पीड़ितों की पहचान उजागर नहीं की जाती, लेकिन परिस्थितियों के चलते उन्होंने खुद सामने आकर यह बात सार्वजनिक की है।

### जंतर-मंतर आंदोलन का अहम चेहरा रहीं

साल 2023 में जंतर मंतर पर हुए बड़े विरोध प्रदर्शन में विनेश फोगाट प्रमुख चेहरों में शामिल थीं। इस आंदोलन ने पूरे देश में खेल और राजनीति दोनों में हलचल मचा दी थी। इस दौरान उनके साथ ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पुनिया और साक्षी मलिक सहित कई अन्य पहलवान भी शामिल हुए थे। सभी ने मिलकर बृजभूषण शरण सिंह पर महिला पहलवानों के साथ यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए थे।

### पहले भी लगाए थे गंभीर आरोप

विरोध प्रदर्शन के दौरान विनेश ने भावुक होते हुए आरोप लगाया था कि नेशनल कैंप में महिला पहलवानों के साथ गलत व्यवहार होता है। उन्होंने यह भी कहा था कि नियमों के खिलाफ बृजभूषण खिलाड़ियों के होटल में रुकते थे।

विनेश फोगाट के ताजा बयान के बाद एक बार फिर यह मामला चर्चा में आ गया है और खेल जगत के साथ-साथ राजनीतिक हलकों में भी इसकी गूंज सुनाई दे रही है।

# सेक्टर 39 थाना पुलिस को सफलता, 12.30 ग्राम हेरोइन के साथ एक ड्रग तस्कर गिरफ्तार




अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/03 मई। चंडीगढ़ पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ अभियान के तहत बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 12.30 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई एसएसपी यूटी चंडीगढ़ कंवरदीप कौर के निर्देशों, एसपी सिटी केएम प्रियंका के मार्गदर्शन और एसडीपीओ साउथ वेस्ट धीरज कुमार की निगरानी में की गई। सेक्टर-39 थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। जानकारी के मुताबिक शनिवार शाम करीब 4:50 बजे एएसआई परस अपनी टीम के साथ सेक्टर-56 स्थित सरकारी हाई स्कूल के पास गश्त पर थे। इसी दौरान उन्होंने संदिग्ध युवक को रोका और तलाशी लेने पर उसके पास से 12.30 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहाली जगतपुरा निवासी काव्या के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत थाना सेक्टर-39 में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और बरामद नशीले पदार्थ को कब्जे में ले लिया गया है। आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड लेने की प्रक्रिया जारी है। पुलिस के अनुसार आरोपी का कोई पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला है।

# ट्राईसिटी में मौसम का कहर: आंधी-बारिश से सैकड़ों पेड़ गिरे, बिजली-पानी सप्लाई प्रभावित



चंडीगढ़/यूटर्न/03 मई। रविवार सुबह ट्राईसिटी चंडीगढ़, मोहाली और पंचकुला में आए तेज आंधी-तूफान और मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। धूल भरी तेज हवाओं के बाद हुई बारिश के चलते सैकड़ों पेड़ टूटकर सड़कों पर गिर गए, जिससे कई इलाकों में यातायात बाधित हो गया।

**बिजली-पानी व्यवस्था पर असर...**स्थिति को देखते हुए बिजली विभाग ने एहतियातन कई इलाकों में सप्लाई रोक दी, जिससे पानी की आपूर्ति भी प्रभावित हुई। लोगों को सुबह के समय पानी और बिजली दोनों की दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

**सड़कों पर गिरे पेड़, यातायात बाधित...**मोहाली और आसपास के क्षेत्रों में कई स्थानों पर पेड़ सड़क पर गिरने से वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही। नगर निगम और संबंधित विभागों की टीमें मौके पर पहुंचकर रास्तों को साफ करने में जुटी रहीं।

**तापमान में गिरावट, मौसम हुआ सुहावना...**भारी बारिश के बाद तापमान में करीब 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। सुबह का तापमान करीब 27 डिग्री तक पहुंच गया, जिससे मई के महीने में हल्की ठंडक का एहसास हुआ।

**बिजली कड़कने से बढ़ी दहशत...**आंधी के दौरान आसमान में तेज बिजली कड़कती रही, जिससे लोगों में दहशत का माहौल बना रहा। हालांकि, राहत की बात यह रही कि अब तक किसी भी तरह के जानमाल के नुकसान की सूचना सामने नहीं आई है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें और सतर्कता बरतें।

# बलटाना के प्राचीन शिव मंदिर में नई कमेटी सक्रिय, पारदर्शिता पर जोर

## मंदिर में लगाए गए चार नए दान पात्र, हर माह 25 को खुलेगा हिसाब





जीरकपुर/यूटर्न/03 मई। बलटाना के शिव एंक्लेव स्थित प्राचीन शिव मंदिर में एक माह पहले गठित नई कमेटी अब सक्रिय रूप से काम कर रही है और मंदिर के संचालन में पारदर्शिता को प्राथमिकता दी जा रही है। कमेटी के अध्यक्ष भगवत सिंह सोही, प्रधान नेहा शर्मा, उपप्रधान परमिंदर सिंह, जनरल सेक्रेटरी अश्विनी चौहान, सेक्रेटरी विकास गुप्ता और कैशियर रामभज गर्ग सहित अन्य सदस्य मंदिर प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

मीडिया से बातचीत के दौरान प्रधान नेहा शर्मा ने बताया कि कमेटी द्वारा सभी कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले महीने जब दान पात्र खोला गया, उस समय कमेटी के सभी सदस्य मौजूद रहे और पूरी प्रक्रिया का रिकॉर्ड विधिवत रजिस्टर में दर्ज किया गया। उन्होंने जानकारी दी कि अब हर महीने की 25 तारीख को दान पात्र कमेटी सदस्यों की मौजूदगी में खोला जाएगा और प्राप्त राशि का पूरा लेखा-जोखा रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा। पिछले महीने दान पात्र से करीब 25 हजार रुपये की राशि प्राप्त हुई, जिसे मंदिर के रखरखाव और विकास कार्यों में खर्च किया जाएगा।

इसी क्रम में रविवार को मंदिर परिसर में चार नए दान पात्र भी स्थापित किए गए हैं, ताकि श्रद्धालु अपनी श्रद्धा अनुसार सहयोग कर सकें। कमेटी ने भविष्य में मंदिर में भजन संध्या आयोजित करने की योजना भी बनाई है, जिससे आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक जोड़ा जा सके। नई कमेटी की पारदर्शी कार्यप्रणाली को लेकर क्षेत्र के लोगों में संतोष देखा जा रहा है और स्थानीय निवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए उम्मीद जताई है कि मंदिर का विकास इसी तरह आगे भी जारी रहेगा।

# सैसी स्कायड ग्रुप की महिलाओं ने पूल पार्टी में की जमकर मस्ती





लुधियाना/यूटर्न/3 मई। सैसी स्कायड ग्रुप की मेंबर्स ने हंबड़ा रोड स्थित एक पूल पार्टी का आयोजन किया, जहां मस्ती के साथ फिटनेस का शानदार मेल देखने को मिला। रंग-बिरंगे स्विमवियर, समर थीम डेकोरेशन और पूल साइड फोटोशूट ने पूरे माहौल को बेहद ग्लैमरस बना दिया। पार्टी के दौरान महिलाओं ने पूल गेम्स और डांस सेशन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। म्यूजिक की धुनों पर पूल में थिरकती सदस्याओं ने इवेंट का भरपूर आनंद उठाया।इस खास आयोजन में हेल्दी लाइफस्टाइल का भी पूरा ध्यान रखा गया। हेल्दी ड्रिंक्स, फ्रूट सलाद और लो-कैलोरी स्नैक्स ने पार्टी को फिटनेस-फ्रेंडली बनाए रखा, जिससे मस्ती के साथ सेहत का संतुलन भी देखने को मिला।

## रूह से रूबरू



चारू नागपाल




### क्या टी आर पी की होड़ बदल देती है आम लोगों की मानसिकता?

आज के समय में ट्रेंडिंग न्यूज की होड़ ने समाचार चैनलों की प्राथमिकताओं को काफी हद तक बदल दिया है। पहले जहां पत्रकारिता का उद्देश्य सच्ची और निष्पक्ष जानकारी देना होता था, वहीं अब टीआरपी और दर्शकों का ध्यान खींचना अधिक महत्वपूर्ण बन गया है। इसी कारण कई बार असली और महत्वपूर्ण खबरें पीछे छूट जाती हैं और सनसनीखेज विषयों को बार-बार दिखाया जाता है। जब एक ही खबर को लगातार दोहराया जाता है, तो वह दर्शकों के मन में गहराई से बैठ जाती है। इससे आम जनता की सोच और धारणा प्रभावित हो सकती है। लोग उस खबर को अधिक महत्वपूर्ण समझने लगते हैं, भले ही वह वास्तव में उतनी बड़ी या जरूरी न हो। इस प्रक्रिया को मनोवैज्ञानिक रूप से एजेंडा सेटिंग भी कहा जाता है, जहां मीडिया यह तय करता है कि लोगों को किस बारे में सोचना चाहिए। इसके अलावा, बार-बार एक ही दृष्टिकोण दिखाने से लोगों की राय भी एकतरफा बन सकती है। इससे समाज में भ्रम, डर या गुस्सा भी बढ़ सकता है। इसलिए जरूरी है कि दर्शक खबरों को समझदारी से देखें, विभिन्न स्रोतों से जानकारी लें और हर खबर पर तुरंत विश्वास न करें। तभी वे सही और संतुलित दृष्टिकोण बना पाएंगे।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**Maintenance कम या ज्यादा कैसे कराया जा सकता है?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

Maintenance एक बार तय हो जाने के बाद यह अंतिम और स्थायी नहीं होता। परिस्थितियों में बदलाव होने पर इसे बढ़ाया या घटाया जा सकता है।

कानून यह मानता है कि समय के साथ आय, खर्च और जरूरतें बदलती रहती हैं। इसलिए यदि किसी पक्ष की आर्थिक स्थिति में महत्वपूर्ण बदलाव आता है, तो वह अदालत से maintenance में संशोधन (modification) की मांग कर सकता है।

उदाहरण के तौर पर, यदि Maintenance देने वाले व्यक्ति की आय कम हो गई है, नौकरी चली गई है, या कोई गंभीर आर्थिक समस्या आ गई है, तो वह राशि कम कराने के लिए आवेदन कर सकता है। दूसरी ओर, यदि maintenance प्राप्त करने वाले की जरूरतें बढ़ गई हैं—जैसे बच्चों की पढ़ाई, स्वास्थ्य खर्च, या जीवन स्तर में बदलाव—तो राशि बढ़ाने की मांग की जा सकती है। इसके लिए संबंधित अदालत में उचित आवेदन दाखिल करना होता है और बदलाव के ठोस प्रमाण (evidence) प्रस्तुत करने होते हैं। यह भी जरूरी है कि केवल मौखिक दावे पर्याप्त नहीं होते, बल्कि आय, खर्च और परिस्थितियों में बदलाव को दस्तावेजों के माध्यम से साबित करना पड़ता है। कई लोग यह मान लेते हैं कि एक बार maintenance तय हो गया तो उसे बदला नहीं जा सकता, जबकि कानून इसमें लचीलापन (flexibility) प्रदान करता है।

निष्कर्ष: Maintenance की राशि परिस्थितियों के अनुसार बदली जा सकती है। सही तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर अदालत से संशोधन करवाना संभव है।

# एनआईएफ ग्लोबल का नेक्स्ट 2026 फैशन शो: ग्लैमर, क्रिएटिविटी और टेक्नोलॉजी का शानदार संगम




लुधियाना/यूटर्न/3 मई। गुरु नानक देव भवन में आयोजित एनआईएफ ग्लोबल के वार्षिक ग्रैजुएट फैशन शो 'नेक्स्ट 2026' में ग्लैमर, क्रिएटिविटी और टेक्नोलॉजी का अनोखा संगम देखने को मिला। इस भव्य आयोजन को भारतीय सेना के जवानों को समर्पित किया गया।फैशन शो में युवा डिजाइनर्स ने अपनी क्रिएटिविटी का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ए.आई. और पारंपरिक डिजाइनों के मेल से तैयार किए गए शानदार कलेक्शन पेश किए, जिसने दर्शकों को खासा प्रभावित किया। कार्यक्रम में फैशन इंडस्ट्री के एक्सपर्ट्स, शिक्षाविद, स्टूडेंट्स और फैशन प्रेमियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। फैशन डिजाइनिंग थर्ड ईयर के 12 उभरते डिजाइनर्स ने अपने-अपने ओरिजिनल कलेक्शन तैयार किए, जिन्हें प्रोफेशनल मॉडल्स ने रैंप पर आकर्षक अंदाज में प्रस्तुत किया। शो के दौरान कुल 13 राउंड आयोजित किए गए, जिनमें वेस्टर्न, इंडो-वेस्टर्न, कैजुअल, स्ट्रीट वियर और रेडी-टू-वियर जैसे विभिन्न थीम्स पर आधारित कलेक्शन देखने को मिले। कार्यक्रम के अंत में ज्यूरी द्वारा प्रतिभागियों के कलेक्शन का मूल्यांकन कर 'बेस्ट कलेक्शन', 'बेस्ट इनोवेशन' सहित कई अवॉर्ड्स प्रदान किए गए। यह शो न केवल फैशन बल्कि टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्र में भी युवाओं की प्रतिभा को उजागर करने का एक प्रभावशाली मंच साबित हुआ।

# बिचौलिए की खुद की बिल्डिंग इललीगल, निगम कर चुका कार्रवाई, विपक्षी होने के बावजूद अवैध निर्माण में साथ देकर मिसाल की कायम

## पुरानी कोतवाली एरिया में छह मंजिलां शोरुम को बचाने में जुटे बिचौलिए

लुधियाना/यूटर्न/3 मई। लुधियाना के वॉर्ड 90 स्थित गुडमंडी नजदीक पुरानी कोतवाली एरिया में पीएस मोबाइल स्पेयर पॉर्ट्स शोरुम की बेसमेंट समेत छह मंजिलां अवैध इमारत पर दो महीने बाद भी नगर निगम जोन-ए की बिल्डिंग ब्रांच एक्शन नहीं ले सकी। वहीं उक्त शोरुम के सामने बनी तीन मंजिलां इमारत सील कर डाली। सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर और उच्च अधिकारियों के आदेशों के बावजूद कार्रवाई न होने पर बिल्डिंग ब्रांच के इस दोहरे चेहरे को लेकर शहर में चर्चाएं छिड़ चुकी हैं। चर्चा है कि अफसरों द्वारा आपसी मिलीभगत के बाद ही पहले निर्माण कराया गया और अब बचाया जा रहा है। इस मामले में कई बिचौलिए भी पैदा हो चुके हैं। जिनकी और से लगातार उक्त शोरुम के बचाव के लिए जोरो शोरो से प्रयाल किए जा रहे हैं। चर्चा है कि एक बाहुबली बिचौलिए द्वारा एक नेता का नाम लेकर अधिकारियों और शोरुम मालिक में समझौता कराया गया है। इसी कारण अधिकारी एक्शन नहीं ले रहे। हालांकि उक्त नेता को इसकी जानकारी ही नहीं है। उक्त बिचौलिए का खुद का पुरानी कोतवाली एरिया में पिछली तरफ भगवान के नाम वाला मोबाइल असेंसरी का शोरुम है। वह भी अवैध निर्माण करके बनाया गया है। जिस पर निगम एक्शन भी ले चुका है। लेकिन अब वे एक नेता की शरण में है।



पुरानी कोतवाली एरिया में बनी 6 मंजिला अवैध इमारत



आमने सामने दो अवैध इमारतें, एक खुली, दूसरी सील

### 2019 में निगम ने चलाया था पीला पंजा

हैरानी की बात तो यह है कि उक्त भगवान के नाम वाले शोरुम मालिक बिचौलिए की खुद की बिल्डिंग अवैध है और वहीं उक्त अवैध छह मंजिलां इमारत को बचाने की सिफारिशें कर रहा है। चर्चा है कि उक्त बिचौलिए की बिल्डिंग पर साल 2019 के नजदीक ही नगर निगम द्वारा पीला पंजा चलाया गया था। तब बिल्डिंग का अगला हिस्सा गिरा दिया था। जिसके बाद उसे मुलाजिमों ने बाकी का अवैध निर्माण खुद गिराने की चेतावनी दी थी। मगर न तो उसने अवैध निर्माण गिराया और न ही कारपोरेशन ने उस पर सील लगाई। यहीं नहीं पीला पंजा चलाकर गिराए अवैध निर्माण को फिर से बना लिया गया। आज भी अवैध निर्माण उसी तरह बरकरार है।

### राजनीतिक पार्टी वर्कर दे रहे अवैध निर्माणोंको बढ़ावा

शहर में चर्चा है कि निगम को सबसे पहले उक्त बिचौलिए पर एक्शन लेना चाहिए। क्योंकि उस पर आधा अधूरा एक्शन होने के चलते वे शहर में अवैध निमार्णों को बढ़ावा दे रहा है। अगर अधिकारी उस पर सही तरीके से एक्शन लेते तो शायद वे ऐसे बढ़ावा देकर शहर का नक्शा न खराब होने देता। चर्चा है कि उक्त बिचौलिया खुद को एक राजनीतिक पार्टी का वर्कर बताकर अपना बचाव कर रहा है। जबकि सभी पार्टियों के लीडरों द्वारा खुद जनता के सामने अवैध निमार्णों को रोकने के दावे किए जाते हैं। लेकिन दूसरी तरफ उन्हीं के वर्कर निमाओं का बचाव कर रहे हैं।

### विपक्षी पार्टी के वर्करों का दिखा आपसी प्रेम

हैरानी की बात तो यह है कि एक तरफ पूरी दुनिया में राजनीतिक पार्टियों के लीडर एक दूसरे पर गंभीर आरोप लगाने और कार्रवाई करवाने पर जोर देते हैं। लेकिन लुधियाना में पार्टी वर्करों द्वारा एक अनोखी मिसाल कायम की गई है। जिसमें बिचौलिया खुद तो दूसरी पार्टी के नेता संग रहता है, जबकि उसकी तरफ से विपक्षी पार्टी के नेताओं के करीबियों की सहायता की जा रही है। यह देखकर आम जनता कह रही है कि पार्टी वर्करों में ऐसी ही आपसी स्नेह होना चाहिए। बेशक जनता के सामने विपक्षी है, लेकिन अंदरखाते एक हैं। यह भी चचाएं हैं कि उक्त व्यक्ति द्वारा अपने नेता से यह बात छिपाकर सहायता की गई है, जो मिसाल से भी कई गुना ऊपर है।

### विदेशों में भी प्रॉपर्टी इन्वेस्टमेंट की चर्चाएं

वहीं चर्चाएं हैं कि उक्त बिचौलिए का काफी बड़े लेवल पर कारोबार है। उसकी और से पंजाब में बड़े सत्र पर असेंसरी का काम किया जा रहा है। वहीं इसी के साथ साथ दुबई व अन्य किसी देश में भी प्रॉपर्टी इन्वेस्टमेंट की जा रही है। हाल ही में बड़ी इन्वेस्टमेंट होने की चर्चा है। जिसमें उसके साथ शहर के कई और नामी लोग भी शामिल है। हालांकि यह सिर्फ चचाएं हैं। अब इन पर कितना यकीन करना चाहिए, यह कहना मुश्किल हैं।

# आधे घंटे की बारिश में डूबा बलटाना, नगर परिषद के दावों की खुली पोल

## नई बनी गलियां भी बनी तालाब, घरों-दुकानों में घुसा पानी





जीरकपुर/यूटर्न/03 मई। रविवार सुबह हुई महज आधे घंटे की हल्की बारिश ने जीरकपुर नगर परिषद के ड्रेनेज सिस्टम को लेकर किए जा रहे दावों की पोल खोलकर रख दी। सुबह करीब सात बजे के बाद हुई बारिश के चलते बलटाना के हरमिलाप नगर, विकास नगर, सैनी विहार समेत कई इलाकों की मुख्य सड़कों से लेकर रिहायशी गलियों तक पानी भर गया और पूरे इलाके ने तालाब का रूप ले लिया। ड्रेनेज और रेन वॉटर सिस्टम पूरी तरह फेल नजर आया, जिसके कारण लोगों का घरों से निकलना तक मुश्किल हो गया।

सबसे ज्यादा खराब स्थिति बलटाना के विकास नगर स्थित वार्ड नंबर-7 की मैन मार्केट वाली गली की रही, जो विकास नगर से सोही टॉवर को जाती है। यह गली हल्की बारिश में ही लबालब भर गई। यहां करीब सात से आठ सोसाइटियां स्थित हैं, जिनकी दुकानों और मकानों तक पानी घुस गया। हैरानी की बात यह है कि यह गली करीब डेढ़ महीने पहले ही बनाई गई थी। निर्माण के दौरान 21 फरवरी को स्थानीय लोगों ने नगर परिषद के कर्मचारियों को बरसात में जलभराव की आशंका जताई थी, लेकिन इसके बावजूद जल निकासी का स्तर सही नहीं रखा गया। अब हालात यह हैं कि लोग अपने घरों में कैद होकर रह गए हैं।

वहीं हरमिलाप नगर फेज-1 में गुरुद्वारे वाली गली की स्थिति भी बेहद खराब है। नगर परिषद ने करीब तीन महीने पहले यहां सड़क निर्माण के नाम पर खुदाई की थी, जिसे आज तक अधूरा छोड़ दिया गया है। मकान नंबर 855 के सामने आज भी गड्ढे बने हुए हैं, जो बारिश में और खतरनाक हो गए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद अधिकारियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया।

### हर साल के दावे फेल, जमीनी हकीकत अलग

स्थानीय पार्षद शिवानी गोयल ने कहा कि हर साल मानसून से पहले नगर परिषद नाले-नालियों की सफाई पर लाखों रुपये खर्च करने का दावा करती है, लेकिन सड़कों पर भरा पानी इन दावों की सच्चाई बयां कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि निकासी पाइप जाम पड़े हैं और रेन वॉटर सिस्टम केवल कागजों तक सीमित है। हरमिलाप नगर फेज-1 के निवासी संदीप गर्ग ने रोष जताते हुए कहा कि जब आधे घंटे की बारिश में यह हाल है, तो भारी मानसून में स्थिति और भी भयावह हो जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी केवल योजनाएं बनाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर काम अधूरा छोड़ दिया जाता है।

# ममता एन्क्लेव से डेढ़ सौ लोगों ने थामा भाजपा का दामन; जसप्रीत कौर बोलीं—वार्ड को बनाएंगे विकास का मॉडल, अन्य दलों से भी जुड़ेंगे सैकड़ों लोग



जीरकपुर/यूटर्न/03 मई। नगर परिषद चुनाव नजदीक आते ही वार्ड नंबर 6 में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में जसप्रीत कौर का नाम भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से टिकट के लिए सबसे प्रबल दावेदार के रूप में उभरकर सामने आया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, संगठन के भीतर चल रही चचाओं और क्षेत्र में उनकी सक्रियता को देखते हुए उन्हें मजबूत उम्मीदवार माना जा रहा है। जसप्रीत कौर ने बताया कि भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर लगातार लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने जानकारी दी कि ममता एन्क्लेव से करीब डेढ़ सौ लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। उन्होंने यह भी दावा किया कि आने वाले समय में अकाली दल, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी को छोड़कर सैकड़ों लोग भाजपा में शामिल होंगे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए जसप्रीत कौर ने कहा कि उनका लक्ष्य वार्ड नंबर 6 को विकास का एक मॉडल बनाना है। उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर 6 उनके लिए परिवार के समान है और वह निरंतर क्षेत्र की सेवा करती रहेंगी।

# राज्यपाल से मिले सुनील जाखड़, मान सरकार पर साधा निशाना; विश्वास मत और 'अधिकारियों पर दबाव' का मुद्दा उठाया

**चंडीगढ़/यूटर्न/03 मई। पंजाब की सियासत में रविवार को नया मोड़ देखने को मिला, जब सुनील जाखड़ ने राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से मुलाकात कर राज्य की आम आदमी पार्टी सरकार के खिलाफ कई गंभीर मुद्दे उठाए। मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत में जाखड़ ने विधानसभा में पारित विश्वास मत और मुख्यमंत्री के व्यवहार पर कड़े सवाल खड़े किए।**



## विश्वास मत पर सवाल, प्रक्रिया पर उठाए संदेह

जाखड़ ने हाल ही में पारित विश्वास मत को लेकर कहा कि इसकी प्रक्रिया और मंशा दोनों ही संदेह के घेरे में हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि सत्तारूढ़ दल ने 'अपने ही भीतर' विश्वास मत पारित कर लिया, जो लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप नहीं लगता। उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत मान के आचरण पर भी टिप्पणी करते हुए इसे 'संवैधानिक मयार्दाओं के विपरीत' बताया।

## मुख्य सचिव के साथ व्यवहार पर उठाया मुद्दा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि राज्य के मुख्य सचिव के साथ अनुचित व्यवहार किया गया और उन पर दबाव बनाया गया। जाखड़ ने राज्यपाल से आग्रह किया कि वे इस मामले की गंभीरता से जांच करें और वरिष्ठ नौकरशाह से व्यक्तिगत रूप से जानकारी लें। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों को भयमुक्त वातावरण मिलना जरूरी है, तभी वे निष्पक्ष होकर काम कर पाएंगे।

## नौकरशाही की सुरक्षा और जवाबदेही की मांग

जाखड़ ने कहा कि ईमानदार अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। यदि अधिकारियों पर दबाव या धमकी की स्थिति बनती है, तो यह शासन व्यवस्था के लिए चिंताजनक संकेत है। उन्होंने राज्यपाल से इस मुद्दे पर हस्तक्षेप की मांग की।

## 'सुरक्षा देने' के फैसलों पर भी आपत्ति

उन्होंने हाल ही में जेल से रिहा हुए कुछ व्यक्तियों को सुरक्षा दिए जाने के फैसले पर भी सवाल उठाए। जाखड़ का कहना था कि ऐसे कदमों से समाज में गलत संदेश जाता है और इससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल सकता है।

## राष्ट्रीय स्तर पर उठेगा मामला

जाखड़ ने स्पष्ट किया कि यह मामला केवल राज्य तक सीमित नहीं है, बल्कि संवैधानिक संस्थाओं से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि पंजाब भाजपा इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर उठाएगी, क्योंकि यदि अधिकारियों और संस्थाओं पर दबाव बढ़ता है, तो यह लोकतंत्र के लिए गंभीर चुनौती बन सकता है। इस घटनाक्रम के बाद पंजाब की राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज होने की संभावना है।

# पंजाब में कर संग्रह ने पकड़ी रफ्तार, अप्रैल में 265 करोड़ की अतिरिक्त आमद; सरकार ने सुधारों को बताया वजह



**चंडीगढ़/यूटर्न/03 मई। पंजाब में राजस्व संग्रह के मोर्चे पर सरकार को बड़ी राहत मिली है। अप्रैल 2026 के आंकड़ों के अनुसार राज्य को वैट और पंजाब स्टेट डेवलपमेंट टैक्स (पीएसडीटी) के जरिए करीब 265 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आमद हुई है। सरकार ने इस बढ़ोतरी को अपनी सख्त नीतियों और तकनीकी सुधारों का नतीजा बताया है। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने जानकारी देते हुए बताया कि वैल्यू एडेड टैक्स (VAT) संग्रह में 23.28 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जिससे लगभग 230 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हुआ। वहीं, पीएसडीटी से होने वाली आय में भी 20.43 प्रतिशत का उछाल आया, जिससे करीब 35 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है।**

## निगरानी और पारदर्शिता का असर

**सरकार का कहना है कि कर प्रशासन में सुधार, सख्त निगरानी और पारदर्शी व्यवस्था के चलते यह सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। विभाग द्वारा डिजिटल ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग सिस्टम को मजबूत किया गया है, जिससे टैक्स चोरी पर लगाम लगाने में मदद मिली है।**

# संदीप पाठक के केस में राज्यपाल की एंट्री, पाठक ने कहा मुझे नहीं मिली एफ आई आर की कॉपी

**अशोक सहगल**

**लुधियाना/यूटर्न/03 मई। राज्यसभा सांसद संदीप पाठक के केस में राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया की भी एंट्री हो गई है एक और जहां संदीप पाठक ने कहा कि फोन पर कोई मामला दर्ज हुआ है परंतु उसकी उन्हें खबर नहीं है और ना ही उन्हें पुलिस रिपोर्ट की कॉपी मिली है उन्होंने कहा कि कल से टीवी चैनलों पर चल रहा है कि पंजाब में मेरे खिलाफ दो FIR दर्ज हुई हैं। मुझे अब तक इन FIR को लेकर कोई औपचारिक या अनौपचारिक जानकारी नहीं मिली है। मैं कल से FIR की कॉपी मिलने का इंतजार कर रहा हूं ताकि उसका जवाब दे सकूं। अभी तक मुझे FIR के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा- अगर सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर FIR दर्ज की गई है तो पूरी जानकारी सामने आने के बाद ही मैं इसका जवाब दे पाऊंगा। जो लोग मुझे जानते हैं, जिन्होंने मेरे साथ काम किया है, चाहे वे वॉलंटियर्स हों या नेता, वे जानते हैं कि मैं सिद्धांतों और नैतिकता के आधार पर**



**राजनीति करता हूं। जब तक मैं AAP में था, तब भी सिद्धांतों के साथ काम किया। आज मैं इखढ में हूं और आगे भी उसी तरीके से काम करूंगा।मैंने AAP किसी निजी कारण से नहीं छोड़ी, बल्कि विचारधारा और काम करने के तरीके को लेकर लंबे समय से मतभेद थे।**

**गवर्नर बोले- गड़बड़ी हुई तो हम अपने तरीके से देखेंगे...**इस मामले में पंजाब के गवर्नर गुलाब चंद कटारिया की भी एंट्री हो गई। उन्होंने चंडीगढ़ में मीडिया से बात करते हुए कहा- जो भी हो, अगर यह नियमों के अनुसार है तो ठीक है। अगर नहीं, तो हम एक टीम बनाकर इसकी जांच करेंगे। डॉ. संदीप पाठक 25 अप्रैल को राघव चड्ढा और अशोक मित्तल के साथ BJP में शामिल हुए थे। गिरफ्तारी से बचने के लिए घर के पिछले दरवाजे से निकले थे शनिवार को केस दर्ज होने की खबर सामने आते ही संदीप पाठक दिल्ली स्थित अपने घर के पिछले दरवाजे से निकल गए थे। दावा किया गया कि जिस गाड़ी में बैठकर संदीप निकले, वह राज्यसभा सदस्य अशोक मित्तल के नाम पर रजिस्टर्ड है। गाड़ी पर नंबर भी जालंधर का है। हालांकि, शनिवार का पूरा दिन गुजरने के बाद भी पंजाब पुलिस, सरकारी प्रवक्ता और AAP के प्रवक्ताओं ने इस FIR को लेकर कुछ नहीं कहा।

**संदीप पाठक का विवरण छत्तीसगढ़ में जन्म, IIT दिल्ली में असिस्टेंट प्रोफेसर रहे...**एक साधारण किसान परिवार से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहचान बनाने वाले संदीप पाठक का जन्म छत्तीसगढ़ में हुआ था। मुंगेली जिले के बटहा गांव में रहने वाले किसान शिवकुमार पाठक के बड़े बेटे संदीप का जन्म 4 अक्टूबर 1979 को हुआ था।

**पार्टी छोड़ने वाले 3 सांसदों पर पहले कार्रवाई कर चुकी AAP सरकार...** राघव चड्ढा ने AAP छोड़ी तो पंजाब सरकार ने उनकी + सिक्योरिटी वापस ले ली। चड्ढा को पंजाब पुलिस की तरफ से सिक्योरिटी मिली हुई थी। इसके बाद कुछ देर के लिए दिल्ली पुलिस ने राघव चड्ढा को सिक्योरिटी दी। अब उन्हें CRPF से सुरक्षा मिल गई है पूर्व क्रिकेटर व राज्यसभा सांसद को पंजाब पुलिस की तरफ से कैटेगरी की सिक्योरिटी दी गई थी। उनके पार्टी छोड़ने और BJP सांसदों की लिस्ट में नाम शामिल होने के बाद पंजाब पुलिस ने सुरक्षा हटा ली। इसके बाद तुरंत दिल्ली से CRPF के 7 जवान उनके घर पहुंचे। हरभजन ने इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी। कोर्ट ने केंद्र और पंजाब सरकार से जवाब मांगा कि किस आधार पर सिक्योरिटी हटाई गई?

**राजिंदर गुप्ता की फैक्ट्री पर रेड:** करीब 5 हजार करोड़ के टर्नओवर वाले ट्राइडेंट ग्रुप के मालिक राजिंदर गुप्ता

**राजिंदर गुप्ता की फैक्ट्री पर रेड:** करीब 5 हजार करोड़ के टर्नओवर वाले ट्राइडेंट ग्रुप के मालिक राजिंदर गुप्ता की बरनाला के धौला स्थित फैक्ट्री पर पंजाब प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड (PPCB) ने रेड की। इसके खिलाफ गुप्ता पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट चले गए। जिसके बाद कोर्ट ने 4 मई तक गुप्ता पर किसी भी तरह की दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी। करीब 6 साल तक ब्रिटेन में रहकर उन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखी और यूनिवर्सिटी ऑफ कैम्ब्रिज से पीएचडी की डिग्री हासिल की। 2016 में उन्होंने आईआईटी दिल्ली में फिजिक्स के असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में कार्य किया।

**चाणक्य की भूमिका अदा कर चुके संदीप पाठक 2016 में AAP जॉइन की, 2022 में सांसद बने**

संदीप पाठक आम आदमी पार्टी के लिए चाणक्य की भूमिका अदा कर चुके हैं ऐसा उनके बारे में कहा जा रहा है साल 2016 में संदीप पाठक ने आम आदमी पार्टी के साथ सक्रिय राजनीति में कदम रखा। संगठन और चुनावी रणनीति में उनकी पकड़ जल्द ही पार्टी के भीतर साफ दिखने लगी। खासकर 2022 के पंजाब विधानसभा चुनाव में AAP को मिली प्रचंड बहुमत वाली जीत के पीछे उनकी रणनीति को अहम कारणों में गिना गया इसके साथ ही उन्हें पार्टी के प्रमुख निर्णय लेने वाले निकाय, यानी राजनीतिक मामलों की समिति का सदस्य पाठक को राजनीतिक मामलों की समिति का सदस्य भी बनाया गया, जहां से वे संगठन और चुनावी फैसलों में अहम भूमिका निभाते रहे।

**राघव चड्डा के साथ बीजेपी में शामिल हुए...**25 अप्रैल 2026 को शाम करीब 4 बजे दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राघव चड्डा ने ऐलान किया कि अअढ के 10 राज्यसभा सांसदों में से 7 सांसद अब बीजेपी में शामिल हो रहे हैं। इनमें शामिल नाम संदीप पाठक, अशोक कुमार मित्तल, हरभजन सिंह, विक्रमजीत सिंह साहनी, स्वाति मालीवाल, राजेंदर गुप्ता, प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद राघव चड्डा, संदीप पाठक और अशोक मित्तल सीधे बीजेपी मुख्यालय पहुंचे और औपचारिक रूप से पार्टी जॉइन कर ली

**पंजाब के अधिकारियों की लिस्ट दिल्ली पहुंची...**बताया जाता है कि आम आदमी पार्टी के इशारों पर नाचने वाले अधिकारियों की एक सूची दिल्ली बीजेपी कार्यालय पहुंचा दी गई है।

# चंडीगढ़ झड़प मामला फिर गरमाया: CM भगवंत मान समेत आप नेताओं के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा यूटी प्रशासन

**अजीत झा.**

**चंडीगढ़/यूटर्न/03 मई। पुलिस के साथ कथित झड़प और प्रशासनिक आदेशों के उल्लंघन से जुड़े पुराने मामले ने एक बार फिर तूल पकड़ लिया है। चंडीगढ़ प्रशासन ने पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान समेत आम आदमी पार्टी के कई नेताओं के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया का दरवाजा खटखटाया है। यह मामला करीब छह साल पुराना है, जब आम आदमी पार्टी के नेता जिनमें हरपाल सिंह चीमा और अमन अरोड़ा भी शामिल हैं इनके खिलाफ चंडीगढ़ पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी। आरोप था कि प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की हुई और कुछ जवान घायल हुए।**

## हाईकोर्ट से मिली थी राहत

पिछले वर्ष पंजाब एंड हरयाणा हाई कोर्ट ने इस मामले में बड़ी राहत देते हुए संबंधित नेताओं के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द कर दिया था।



अब यूटी प्रशासन ने इसी फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है, जिससे मामला फिर से कानूनी बहस के केंद्र में आ गया है।

## 2020 के प्रदर्शन से जुड़ा है विवाद

जानकारी के मुताबिक, यह घटना 10 जनवरी 2020 की है, जब सेक्टर-3 थाना क्षेत्र में आम आदमी पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं ने तत्कालीन सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था। इसी दौरान एक महिला कांस्टेबल की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज हुआ था। एफआईआर में आरोप लगाया गया था कि प्रदर्शन के दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार किया और धक्का-मुक्की की, जिससे कानून-व्यवस्था की स्थिति प्रभावित हुई।

## अब सुप्रीम कोर्ट में होगी अगली सुनवाई

चंडीगढ़ प्रशासन के सुप्रीम कोर्ट जाने के बाद अब इस मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया शीर्ष अदालत में चलेगी। यह देखना अहम होगा कि हाईकोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट क्या रुख अपनाता है इस घटनाक्रम ने एक बार फिर राजनीतिक और कानूनी हलकों में हलचल तेज कर दी है।

यूटर्न टाइम

# सुबह की सैर से लौट रहे बुजुर्ग से चेन स्नैचिंग, क्षेत्र में दहशत

## 21 ग्राम सोने की चेन झपटकर बाइक सवार बदमाश फरार






जीरकपुर/यूटर्न/03 मई। जीरकपुर के बलटाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक बार फिर स्नैचिंग की वारदात ने लोगों में दहशत फैला दी। गोविंद विहार स्थित मकान नंबर-95 के रहने वाले 72 वर्षीय सत्य नारायण जिंदल से अज्ञात झपटमारों ने सोने की चेन छीन ली और मौके से फरार हो गए। घटना सुबह करीब 6:35 बजे की है, जब जिंदल पास की सैनी डेयरी से दूध लेकर घर लौट रहे थे।

पीड़ित के अनुसार उनकी करीब 21 ग्राम वजनी सोने की चेन थी, जिसकी कीमत लगभग सवा तीन लाख रुपये बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि घर के नजदीक ही एक युवक उनके पीछे आया और अचानक गले से चेन झपटकर भाग गया। जिंदल ने साहस दिखाते हुए आरोपी का पीछा भी किया, लेकिन इस दौरान वह गिर पड़े और घायल हो गए। इसका फायदा उठाकर झपटमार अपने साथी के साथ, जो पहले से बाइक स्टार्ट कर खड़ा था, मौके से फरार हो गया।

घटना के तुरंत बाद पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही बलटाना चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित के बयान दर्ज किए। चौकी इंचार्ज हरजिंदर सिंह ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज हासिल कर ली गई है। फुटेज में एक आरोपी का चेहरा साफ नजर आ रहा है, जिसकी पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी हैं और जल्द कार्रवाई का दावा किया है।

### लगातार बढ़ रही वारदातों से लोगों में रोष

यह जीरकपुर में स्नैचिंग की पहली घटना नहीं है। पिछले कुछ समय से क्षेत्र में लगातार इस तरह की वारदातें सामने आ रही हैं। दिन-ब-दिन बढ़ रही स्नैचिंग की घटनाओं से लोगों में भय और रोष का माहौल है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सुबह-शाम टहलने या रोजमर्रा के काम से निकलना भी अब असुरक्षित महसूस होने लगा है।

### पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग

इलाके के लोगों ने पुलिस प्रशासन से गश्त बढ़ाने और सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो अपराधियों के हौसले और बुलंद हो सकते हैं।

# पंजाब केमिस्ट एसोसिएशन का एलान 20 मई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में होंगे शामिल

अशोक सहगल

लुधियाना यूटर्न 03 मई। पंजाब केमिस्ट एसोसीसशन (रजि) जो कि आल इंडिया आफ केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट से एफिलेटेड है ने ऐलान किया है कि वह 20 में को केमिस्टों की ऑल इंडिया हड़ताल में शामिल होंगे आज आयोजित पत्रकार सम्मेलन में जिसमें 23 जिलों के प्रधान, महासचिव तथा अन्य पदाधिकारी शामिल थे मैं मैं भारत बंद के आह्वान पर शामिल होने पर चर्चा हुई जिस पर सभी ने एकमत से अपनी सहमति प्रकट की उन्होंने कहा कि 15 में से 20 में तक सभी केमिस्ट काली पट्टी लगाकर अपना रोष प्रकट करेंगे और 20 मई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होंगे जिसके तहत पंजाब भर में सभी दवा की दुकाने बंद रहेंगी उन्होंने कहा कि इस दौरान केमिस्ट एसोसिएशन के सदस्य सभी सांसदों तथा विधायकों को अपना ज्ञापन देंगे और 20 मई को सारे पंजाब में दवा की सभी दुकाने बंद रखी जाएगी। संगठन के प्रधान सुरेंद्र दुग्गल तथा महासचिव जीएस चावला ने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों मे पंजाब सरकार के हैल्थ व ड्रग विभाग के नोटिफिकेशन 9/10/21-346/1039 में बदलाव




- जन औषधि की दुकानों को चेक करना
- फामेर्सी कौसिल द्वारा उ-4 लाईसेंस
- रिन्यू होने के बाद रिन्यू ना करना
- ओ एन डी एस पोर्टल की दिक्कतों को दूर करना
- आन लाइन दवा ब्रिकी पर तुरन्त रोक लगाना (Withdrawl of GSR 8170+28-8-2018
- नकली दवाओं के खिलाफ कार्यवाही (GSR 220 DF 26.03.2020) को वापस लेना तथा कारपोरेट कंपनियों की मनमानी पर रोक लगाना शामिल है

इस अवसर पर अन्य के अलावा सुबोध कक्कड, प्रभजिंदर नरेंद्र अरोड़ा, जी एस चावला, अपनदीप सिंह, सुदेशन चौधरी, जी एस चावला, अशोक बलिया वाली, राजीव जैन, अशोक काली, सुखबीर सिंह, शशी कुमार, नरेश जिंदल, रमन कपुर, मोरंजन कालिया, राकेश अग्रवाल, सतीश कंपुर, विनय रावल, मनीष अरोड़ा, रुपिन्द्र गुप्ता, राजीव कुमार, राजेश महाजन, अजय बासल, लवली डाबर, सुमित कुमार, रविन्द्र कुमार अश्विनी कुमार बालकृष्ण, विपन गुप्ता, राजेश सोही, राजिव कपुर, कपुर, संजय सहगल आदि उपस्थित थे।

# आक्रामक और चुनावी अंदाज, जगरांव में अकाली दल का शक्ति प्रदर्शन

## वार्ड-6 से डॉ. अमरजीत सिंह के नाम पर लगी मुहर, विरोधियों में खलबली!



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/3/मई। नगर परिषद चुनावों की आहट के साथ ही जगरांव की राजनीति में भूचाल आ गया है। शिरोमणि अकाली दल ने अपनी रणनीति स्पष्ट करते हुए वार्ड नंबर 6 से कद्दावर व्यक्तित्व डॉ. अमरजीत सिंह को चुनावी रण में उतार दिया है।

**जनता का समर्थन और नेताओं का भरोसा:** पूर्व विधायक एस.आर. कलेर ने भारी जनसमूह के बीच डॉ. अमरजीत के नाम की घोषणा की। उन्होंने साफ लफ़्ज़ों में कहा कि यह चुनाव सिर्फ एक सीट का नहीं, बल्कि वार्ड-6 की तस्वीर बदलने का चुनाव है। डॉ. अमरजीत को मिले मोहल्ला निवासियों के 'भारी जन-समर्थन' ने अन्य राजनीतिक दलों की चिंताएं बढ़ा दी हैं।

**एकजुटता:** दीपइंद्र सिंह भंडारी, चरणजीत सिंह चीनू और दविंदरजीत सिंह सिद्धू जैसे दिग्गजों ने एक सुर में डॉ. अमरजीत को जिताने का संकल्प लिया।

**वादा:** पार्टी ने इलाके के सर्वांगीण विकास और बुनियादी समस्याओं के प्राथमिकता के आधार पर समाधान का ठोस भरोसा दिलाया है। इस घोषणा के दौरान कार्यकर्ताओं का जोश और महिलाओं की भारी उपस्थिति यह संकेत दे रही है कि अकाली दल इस बार वार्ड-6 में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ने वाला है।

# तेज आंधी में उड़ी फाइबर शीट, अंबाला-जीरकपुर हाईवे पर हादसा टला

## टैक्सी पर गिरी शीट, बड़ा नुकसान टला, प्रशासन से कार्रवाई की मांग

जीरकपुर/यूटर्न/03 मई। रविवार सुबह अचानक मौसम खराब होने के दौरान आई तेज आंधी और बारिश में अंबाला-जीरकपुर हाईवे पर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। तेज हवाओं के कारण एक बहुमंजिला इमारत की टॉप फ्लोर पर लगाया गया फाइबर शेड उखड़कर उड़ गया और हाईवे किनारे खड़ी एक टैक्सी पर जा गिरा। इस घटना में टैक्सी को हल्का नुकसान पहुंचा, जबकि राहत की बात यह रही कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटना के समय सड़क पर यातायात कम होने के कारण बड़ा हादसा टल गया, वरना स्थिति गंभीर हो सकती थी।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज हवा के झोंकों के साथ ही फाइबर शीट अचानक उखड़कर नीचे गिरी। आसपास मौजूद लोगों में कुछ देर के लिए दहशत का माहौल बन गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि जीरकपुर क्षेत्र में कई होटलों और इमारतों की छतों पर बिना सुरक्षा मानकों के फाइबर शीट लगाकर शेड बनाए गए हैं। तेज हवाओं के दौरान ये शीट्स कभी भी उड़कर दुर्घटना का कारण बन सकती हैं, लेकिन इस ओर प्रशासन द्वारा कोई सख्त कार्रवाई नहीं की जा रही। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे असुरक्षित निर्माणों की जांच कर आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# पंचकूला नगर निगम चुनाव: वार्ड-7 में आजाद प्रत्याशी प्रेम कुमार ने झोंकी पूरी ताकत, विकास के दम पर मांग रहे समर्थन






अजीत झा

पंचकूला/यूटर्न/03 मई। नगर निगम चुनाव के नजदीक आते ही वार्ड-7 में सियासी सरगर्मी अपने चरम पर पहुंच गई है। इस बार वार्ड-7 में मुकाबला बेहद दिलचस्प होता नजर आ रहा है, जहां आजाद प्रत्याशी प्रेम कुमार ने अपने प्रचार अभियान को तेज करते हुए पूरी ताकत झोंक दी है। प्रेम कुमार लगातार वार्ड के अलग-अलग इलाकों में डोर-टू-डोर जाकर लोगों से संपर्क कर रहे हैं। वे मतदाताओं से सीधे संवाद स्थापित कर न केवल समर्थन मांग रहे हैं, बल्कि उनकी समस्याओं को भी गंभीरता से सुन रहे हैं। उनके साथ समर्थकों की टीम भी सक्रिय है, जो प्रचार अभियान को मजबूत बनाने में जुटी हुई है।

## स्थानीय मुद्दों को बनाया चुनावी एजेंडा

प्रेम कुमार ने अपने चुनावी प्रचार में वार्ड-7 की मूलभूत समस्याओं को प्रमुखता से उठाया है। उन्होंने साफ-सफाई की व्यवस्था, जल निकासी, टूटी सड़कों की मरम्मत, स्ट्रीट लाइट की कमी और अन्य बुनियादी सुविधाओं को लेकर जनता के बीच अपनी बात रखी। उनका कहना है कि ये समस्याएं लंबे समय से बनी हुई हैं और अब इन्हें प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाना जरूरी है।

## डोर-टू-डोर अभियान से बना सीधा जुड़ाव

प्रेम कुमार की चुनावी रणनीति का सबसे अहम हिस्सा डोर-टू-डोर कैंपेन है। वे हर गली-मोहल्ले में जाकर लोगों से व्यक्तिगत तौर पर मिल रहे हैं, जिससे मतदाताओं के साथ उनका सीधा जुड़ाव बन रहा है। इस दौरान वे बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं से बातचीत कर उनके सुझाव भी ले रहे हैं।

## राजनीतिक अनुभव और विकास का दावा

प्रेम कुमार अपने चुनाव प्रचार में अपने परिवार के राजनीतिक अनुभव को भी प्रमुखता से सामने रख रहे हैं। उनकी धर्मपत्नी पूर्व में नगर निगम पार्षद रह चुकी हैं और उनके कार्यकाल के दौरान वार्ड में कई विकास कार्य किए गए थे। इसी अनुभव और कार्यों के आधार पर प्रेम कुमार जनता से एक बार फिर भरोसा जताने की अपील कर रहे हैं।

## रोचक हुआ मुकाबला

वार्ड-7 इस बार हाई-वोल्टेज सीट बन चुका है, जहां विभिन्न प्रत्याशियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। हर उम्मीदवार अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी ताकत लगा रहा है, जिससे चुनावी माहौल और भी गर्म हो गया है। प्रेम कुमार ने विश्वास जताया कि वार्ड की जनता विकास कार्यों और उनके प्रयासों को ध्यान में रखते हुए उन्हें समर्थन देगी। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें मौका मिला तो वे वार्ड-7 के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ काम करेंगे। अंत में, प्रेम कुमार ने वार्ड वासियों से अपील करते हुए कहा कि आगामी 10 मई को सभी मतदाता उनके चुनाव चिन्ह 'हैंडपंप' पर बटन दबाकर उन्हें विजयी बनाएं, ताकि वार्ड में विकास कार्यों को और गति दी जा सके। वहीं, प्रेम कुमार को समर्थन देने वाले स्थानीय नेता जस्सी बिडलान ने कहा कि प्रेम कुमार क्षेत्र के ही निवासी हैं और जनता के बीच उनकी अच्छी पकड़ है। उन्होंने वार्डवासियों से अपील की कि वे एक बार फिर भरोसा जताते हुए प्रेम कुमार को विजयी बनाएं, ताकि क्षेत्र का विकास निरंतर जारी रह सके।

# रेड इज रिवोल्यूशनरी: चुप्पी तोड़ते हुए बदलाव की ओर एक कदम

लुधियाना/यूटर्न/03 मई। रेड इज रिवोल्यूशनरी पहल के तहत ग्रामीण क्षेत्रों की किशोरियों को पुन: उपयोग योग्य सेनेटरी पैड वितरित किए गए। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मासिक धर्म को लेकर जागरूकता फैलाना और स्वच्छता के साथ-साथ टिकाऊ (सस्टेनेबल) प्रथाओं को बढ़ावा देना है। इस पहल के दौरान युवतियों को न केवल सुरक्षित उत्पाद उपलब्ध कराए गए, बल्कि उन्हें मासिक धर्म स्वच्छता के महत्व के बारे में भी विस्तार से समझाया गया। कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य उन सामाजिक रूढ़ियों को तोड़ना था, जिनके कारण आज भी कई जगहों पर पीरियड्स को लेकर खुलकर बात नहीं की जाती।

कई लड़कियों के लिए यह पहल सिर्फ सेनेटरी पैड पाने तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसने उनके आत्मविश्वास, गरिमा और अपने शरीर को लेकर सहजता की भावना को भी मजबूत किया।

इस अभियान का नेतृत्व करने वाली



आइशा अरोड़ा ने कहा, मासिक धर्म कोई छुपाने या शर्म की बात नहीं है, बल्कि यह ताकत और प्राकृतिक प्रक्रिया का प्रतीक है। छोटे-छोटे प्रयासों से हम बड़ा बदलाव ला सकते हैं।

"Red is Revolutionary" पहल आगे



भी जागरूकता और कार्य के माध्यम से लड़कियों को सशक्त बनाने, पुरानी धारणाओं को चुनौती देने और एक ऐसे समाज के निर्माण की दिशा में कार्यरत है जहां मासिक धर्म पर खुलकर और बिना झिझक चर्चा हो सके।

# चंडीगढ़ में मेगा हेल्थ प्रोजेक्ट को मंजूरी: सेक्टर-53 में बनेगा 1000 बेड का आधुनिक मेडिकल हब



अजीत झा

चंडीगढ़। शहर की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए यूटी प्रशासन ने सेक्टर-53 में एक अत्याधुनिक क्षेत्रीय चिकित्सा केंद्र स्थापित करने की योजना को हरी झंडी दे दी है। करीब 2,154 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह प्रोजेक्ट ट्राईसिटी समेत आसपास के राज्यों के लाखों मरीजों के लिए राहत लेकर आएगा। प्रशासन के अनुसार, 13.6 एकड़ भूमि पर बनने वाले इस मेडिकल हब को पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी प्रशासक गुलाब चंद कटारिया की मंजूरी मिल चुकी है और अब इसे केंद्र सरकार से अंतिम स्वीकृति के लिए भेजा गया है।

## दो हिस्सों में होगा खर्च, हाईटेक सुविधाएं मिलेंगी

परियोजना के तहत लगभग 1,704 करोड़ रुपये भवन निर्माण और आधारभूत ढांचे पर खर्च किए जाएंगे, जबकि करीब 450 करोड़ रुपये आधुनिक चिकित्सा उपकरणों पर लगाए जाएंगे। यह केंद्र कुल 1000 बिस्तरों से लैस होगा। इनमें से 500 बिस्तर महिला एवं बाल स्वास्थ्य सेवाओं के लिए समर्पित होंगे, जबकि बाकी 500 बिस्तर सुपर-स्पेशियलिटी और आपातकालीन सेवाओं के लिए रखे जाएंगे।

## सुपर स्पेशियलिटी इलाज और रिसर्च का केंद्र

इस अस्पताल में हृदय, न्यूरोलॉजी, गैस्ट्रो, किडनी समेत कई गंभीर बीमारियों के इलाज की उन्नत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके साथ ही यह संस्थान चिकित्सा शिक्षा और रिसर्च के क्षेत्र में भी अहम भूमिका निभाएगा।

## मरीजों को मिलेगा बड़ा राहत पैकेज

फिलहाल चंडीगढ़ के सरकारी अस्पतालों में बिस्तरों की कमी के कारण मरीजों को लंबा इंतजार करना पड़ता है। कई बार एक ही बेड पर दो मरीजों को रखने की नौबत तक आ जाती है। ऐसे में नया मेडिकल सेंटर इस दबाव को काफी हद तक कम करेगा।


## ट्राईसिटी और पड़ोसी राज्यों को होगा फायदा

इस परियोजना का लाभ सिर्फ चंडीगढ़ ही नहीं, बल्कि मोहाली, पंचकुला के साथ-साथ पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के मरीजों को भी मिलेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के बड़े हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट से क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा और लोगों को बेहतर व सुलभ इलाज मिल सकेगा।

यूटर्न टाइम

# इको ग्रींस-2 में हुई ठगी का मामला

## धोखाधड़ी के शिकार हुए 11 दुकानों के मालिकों पर फिर लटकी कुर्की की तलवार





डेराबस्सी/यूटर्न/03 मई। डेराबस्सी हलके में करोड़ों की ठगी के आरोप में विदेश फरार बिल्डर की कंपनी जीबीपी के इको ग्रींस-2 में धोखाधड़ी के शिकार हुए 11 दुकानों के मालिकों पर फिर कुर्की की तलवार लटक गई है। बिल्डर के लोगों उन्हीं दुकानों पर करीब एक करोड़ रु का लोन डकार लिया जो वह पहले बेच चुका था जबकि बैंक रिकवरी के नोटिस दुकानदारों

### आरोपी विदेश फरार, करोड़ों का लोन डकारने के बाद दुकानदारों को भुगतना पड़ रहा खामियाजा

को भेज रहा है जिसमें 14 मई तक दुकानें खाली की डेडलाइन दी गई है। खाली न करने पर पुलिस प्रशासन बनती कार्रवाई करेगा। दो साल में तीसरी बार जारी हुए कब्जा वारंट ने दुकानमालिकों का दिन का चैन व रातों की नींद उड़ा दी है जबकि उनके पास दुकानों की रजिस्ट्री, इंतकाल व भारमुक्त तक मौजूद हैं। इस धोखाधड़ी के शिकार बने मासूम लोगों की कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। हताशा में बदल रही मायूसी के चलते इंसाफ की बाट जोह रहे दुकानमालिकों ने सीएम विंडो पर खबरों समेत शिकायत भेज इंसाफ की गुहार लगाई है, वहीं धोखाधड़ी के आरोपियों पर कानूनी कार्रवाई कर उन्हें इंसाफ दिलाने की मांग की है। दुकान मालिकों द्वारा पेश दस्तावेजों मुताबिक गौरव पुत्र चमन लाल वासी मुबारकपुर ने गुलाबगढ़ मौजे में 2295 वर्ग फीट जमीन की रजिस्ट्री जीबीपी के रिश्तेदार अजय गुप्ता पुत्र प्रेमचंद वासी यमुनानगर को करवा दी। 6 जनवरी 2017 को रजिस्ट्री के दो हफ्ते बाद खरीदार अजय गुप्ता ने अपनी फर्म अजय ट्रेडिंग कंपनी के नाम 20 जनवरी को इंडियन बैंक से लाखों का लोन डकार लिया जो बढ़कर 1 करोड़ 15 लाख पहुंच गया है।

# सिविल अस्पताल की लेडी डॉक्टर ने किया सुसाइड, सरकारी क्वार्टर में मिली लाश



फतेहगढ़ साहिब/यूटर्न/3 मई। सिविल अस्पताल फतेहगढ़ साहिब के सरकारी क्वार्टरों में रहने वाली एक महिला डॉक्टर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान डॉक्टर रिया (30) के रूप में हुई है, जो अस्पताल परिसर में ही रहती थीं। वह मूल रूप से बठिंडा की निवासी थीं। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। थाना फतेहगढ़ साहिब के प्रभारी अशोक कुमार ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि डॉक्टर रिया ने अपने सरकारी निवास पर फंदा लगाकर आत्महत्या की है। प्रारंभिक जांच के अनुसार, यह घटना देर रात या सुबह के समय हुई हो सकती है, हालांकि सटीक समय का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही चल पाएगा। पुलिस के मुताबिक मौके की तलाशी के दौरान कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। इससे आत्महत्या के पीछे के कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है और डॉक्टर के पारिवारिक पेशेवर तथा निजी जीवन से जुड़े पहलुओं को भी खंगाला जा रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल फतेहगढ़ साहिब की मोर्चरी में रखवा दिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि परिजनों के बयान दर्ज किए जाएंगे, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सुनील कपूर PPSC सदस्य नियुक्त, आज राज्यपाल दिलाएंगे शपथ



लुधियाना/यूटर्न/03 मई। मंत्री संजीव अरोड़ा के विशेष प्रयासों और सिफारिश से लुधियाना के पूर्व पार्षद सुनील कपूर को पंजाब लोक सेवा आयोग का सदस्य नियुक्त किया गया है। सोमवार 04 मई 2026 को पंजाब के महामहिम राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे और वे अगले 6 वर्षों तक आयोग के सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं देंगे।

उनकी इस महत्वपूर्ण नियुक्ति से पूरे क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल है। राजनीतिक हलकों में इस नियुक्ति को मंत्री संजीव अरोड़ा की बड़ी राजनीतिक जीत के रूप में देखा जा रहा है।

इस अवसर पर मंत्री संजीव अरोड़ा की टीम ने सुनील कपूर को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। टीम के सदस्यों ने कहा कि सुनील कपूर का लंबा अनुभव, समर्पण और जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता आयोग के कार्यों को और अधिक मजबूत बनाएगी।

वहीं वरिष्ठ नेता रणजीत मनन पुरी ने भी इस नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह न केवल सुनील कपूर बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। स्थानीय आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने भी इस नियुक्ति का जोरदार स्वागत किया।

उल्लेखनीय है कि सुनील कपूर लंबे समय से सार्वजनिक और राजनीतिक जीवन में सक्रिय रहे हैं। पार्षद के रूप में उन्होंने क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और उनकी ईमानदारी व जनसेवा की भावना को सभी दलों ने सराहा है।




# रकुल प्रीत सिंह ने पूल साइड पर शिमरी स्विमसूट में बिखेरा जलवा, तस्वीरें हुईं वायरल

मुंबई/यूटर्न/03 मई। बॉलीवुड की फिटनेस आइकन और चर्चित अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह इन दिनों अपनी बोल्ड और ग्लैमरस तस्वीरों से सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। हाल ही में उनकी पूल साइड पर खींची गई कुछ तस्वीरें इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में रकुल ने पर्पल और सिल्वर शिमरी स्विमसूट पहना हुआ है जिसमें वो बेहद आकर्षक और खूबसूरत नजर आ रही हैं। नीले पानी और हरे-भरे नजारे के बीच रकुल का यह अंदाज किसी जलपरी से कम नहीं लग रहा। गीले बालों और नेचुरल लुक में भी रकुल की फिटनेस और खूबसूरती देखकर फैंस उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर इन तस्वीरों को लाखों लाइक्स और हजारों कमेंट्स मिल चुके हैं।

# गाजीपुर की विवादित जमीन पर फर्जीवाड़ा, पटवारी समेत दो पर मामला दर्ज


जीरकपुर/यूटर्न/03 मई। गाजीपुर क्षेत्र की स्टेटस-क्वो के तहत आने वाली विवादित जमीन के साथ कथित छेड़छाड़ कर फर्जी फर्द के आधार पर रजिस्ट्री कराने के मामले में जीरकपुर पुलिस ने पटवारी जगदीश शर्मा और मधु सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया है। सरकारी रिकार्ड में हेराफेरी के गंभीर आरोपों के चलते मामला सुर्खियों में है।


शिकायतकर्ता जसविंदर कौर पत्नी कृपाल सिंह निवासी देसू माजरा ने आरोप लगाया कि पारिवारिक बंटवारे के बाद उसके हिस्से आई करीब 9 कनाल 9 मरले जमीन पर 17 सितंबर 2010 को डेराबस्सी अदालत द्वारा स्टेटस-क्वो के आदेश जारी किए गए थे। इसके बावजूद आरोपियों ने कथित तौर पर 15 कनाल 9 मरले की फर्जी फर्द तैयार कर ली।

आरोप है कि इस फर्द के आधार पर 2 जनवरी 2012 को पावर ऑफ अटॉर्नी तैयार की गई और बाद में करीब 6 कनाल जमीन की रजिस्ट्री पटवारी की माता के नाम करवा दी गई। शिकायतकर्ता के अनुसार न तो उसकी सहमति ली गई और न ही कोई भुगतान किया गया। जांच के दौरान पूर्व पटवारी जसपाल सिंह के बयान भी सामने आए हैं, जिन्होंने रजिस्ट्री के साथ लगी फर्द पर दर्ज हस्ताक्षरों को अपना मानने से इनकार किया। उनका कहना है कि हस्ताक्षर स्कैन कर अन्य दस्तावेजों से इस्तेमाल किए गए हैं। इससे मामले में फर्जीवाड़े के आरोप और गहरे हो गए हैं। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि उक्त रजिस्ट्री के आधार पर इंतकाल दर्ज कराने की कोशिश की गई थी, जिसे तहसीलदार ने जांच के बाद नामंजूर कर दिया। दूसरी ओर, आरोपियों ने लगाए गए आरोपों को नकारते हुए पुराने समझौतों का हवाला दिया है।

# डेराबस्सी के वार्ड नंबर 10 में सीवरेज जाम, गंदा पानी सड़कों पर–बीमारियों का बढ़ा खतरा

## पहले भी फैल चुकी हैं घातक बीमारियां, लापरवाही पर उठे सवाल





डेराबस्सी/यूटर्न/03 मई। डेराबस्सी के वार्ड नंबर 10 में सीवरेज व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। सीवरेज लाइन ब्लॉक होने के कारण गंदा पानी सड़कों और गलियों में फैल गया है, जिससे पूरे इलाके में नारकीय हालात बन गए हैं। करीब 10 फीट गहरी सीवरेज लाइन में आई खराबी के चलते पिछले कई दिनों से पानी बाहर निकल रहा है और प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस समाधान नहीं किया गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह कोई पहली बार नहीं है जब इस तरह की समस्या सामने आई हो। इससे पहले भी कई बार सीवरेज जाम और गंदगी के कारण इलाके में बीमारियां फैल चुकी हैं। लोगों का आरोप है कि हर बार प्रशासन अस्थायी समाधान कर मामले को टाल देता है, लेकिन स्थायी व्यवस्था की ओर ध्यान नहीं दिया जाता। गंदे पानी के कारण इलाके में तीव्र बदबू फैल रही है, जिससे लोगों का घरों में रहना भी मुश्किल हो गया है। इसके साथ ही डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी लगातार बढ़ता जा रहा है। खासकर छोटे बच्चों और बुजुर्गों के लिए स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है।

### लोगों की आवाज



- राजेश कुमार ने कहा, 'हर साल यही समस्या खड़ी हो जाती है। शिकायतें देने के बाद भी कोई स्थायी समाधान नहीं किया जाता। अब तो हालात इतने खराब हो गए हैं कि घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है।'
- सीमा देवी ने बताया, 'गंदे पानी और बदबू के कारण बच्चों को बार-बार बीमारियां हो रही हैं। हमें डर है कि कहीं फिर से कोई बड़ी बीमारी न फैल जाए।'
- मोहित शर्मा ने कहा, 'सीवरेज के ढक्कन ठीक से बंद नहीं हैं, जिससे हादसे का डर बना रहता है। प्रशासन को इस ओर तुरंत ध्यान देना चाहिए।'
- स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि पहले भी इस तरह की लापरवाही के चलते इलाके में बीमारियां फैल चुकी हैं और कई लोगों की जान भी जा चुकी है। इसके बावजूद प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिया।

# अवैध निर्माण की अनदेखी पड़ी भारी, शिकायतों के बावजूद नहीं जागा नगर कौंसिल

## विरोध करने पर वकील व पिता पर हमला, दोनों अस्पताल में भर्ती

डेराबस्सी/यूटर्न/03 मई। डेराबस्सी के गांव मीरपुर मुबारकपुर में कथित अवैध निर्माण को लेकर लंबे समय से चल रही शिकायतों की अनदेखी आखिरकार हिंसा में बदल गई। बार एसोसिएशन के एग्जीक्यूटिव सदस्य एडवोकेट हरप्रीत सिंह सैणी और उनके पिता पर पड़ोसियों द्वारा हमला किए जाने के बाद दोनों को घायल अवस्था में डेराबस्सी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि जिस जगह को लेकर विवाद हुआ, वहां बिना नगर कौंसिल की अनुमति के निर्माण कार्य किया जा रहा था। इस संबंध में कई बार शिकायतें भी दी गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। आरोप है कि इसी लापरवाही के चलते विवाद बढ़ा और आरोपियों ने हमला कर दिया।



घटना के बाद वकील समुदाय में रोष फैल गया। बार एसोसिएशन के प्रधान विक्रमजीत सिंह दप्पर अस्पताल पहुंचे और घायलों का हाल जाना। बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने इकट्ठा होकर प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। बार एसोसिएशन ने साफ कहा कि अगर समय रहते नगर कौंसिल कार्रवाई करती, तो यह घटना नहीं होती। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के साथ-साथ संबंधित अधिकारियों की भूमिका की भी जांच की मांग की है।

**पुलिस का पक्ष:** मुबारकपुर चौकी इंचार्ज कुलवंत सिंह के अनुसार, शिकायत प्राप्त हो चुकी है और बयान दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।





**मांगें तेज:** वकील समुदाय ने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग दोहराते हुए चेतावनी दी है कि यदि जल्द न्याय नहीं मिला तो संघर्ष तेज किया जाएगा।

# 'आप' ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का काले झंडों से किया विरोध

## भाजपा पंजाब को आर्थिक पैकेज देने में रही नाकाम, पंजाब के साथ सौतेले जैसा बर्ताव कर रही है - जतिंदर खंगूड़ा




लुधियाना/यूटर्न/03 मई। आम आदमी पार्टी लुधियाना शहरी ने आज हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के लुधियाना दौरे का काले झंडों से कड़ा विरोध किया। जिला अध्यक्ष और चेयरमैन जतिंदर खंगूड़ा के नेतृत्व में आप नेताओं ने मुख्यमंत्री का विरोध किया और पंजाब के प्रति भाजपा की अगवाही वाली केंद्र सरकार की नुकसान पहुंचाने वाली नीतियों की निंदा की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष जतिंदर खंगूड़ा ने कहा, 'केंद्र की भाजपा सरकार ने पंजाब में आई भयानक बाढ़ के मुआवजे के तौर पर अभी तक एक भी रुपया नहीं दिया है। भाजपा हमेशा पंजाब के साथ सौतेली मां जैसा व्यवहार करती रही है। 1 मई को ही सरकार ने रसोई गैस सिलेंडर के दाम 993 रुपये बढ़ा दिए हैं, जिससे ढाबे और होटल मालिक अपना कारोबार बंद करने पर मजबूर हो रहे हैं। भाजपा पंजाब में अपनी सरकार बनाने की बहुत कोशिश कर रही है, फिर भी पंजाब को कोई आर्थिक पैकेज न देकर अपनी नफरत साफ तौर पर दिखा रही है।' इस पारदर्शी में लुधियाना लोकसभा इंचार्ज व चेयरमैन शरणपाल सिंह मक्कड़, सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर, लुधियाना की सचिव निधि गुप्ता, मीडिया इंचार्ज पुनीत साहनी, सोशल मीडिया इंचार्ज गुरप्रीत सिंह राजा, यूथ विंग प्रधान अमरिंदर सिंह एमपी जवद्दी, सुखविंदर सिंह, हनी बेदी, संदीप बैंस, दविंदर शेरपुरी, अभिषेक गुप्ता, परमवीर सिंह, प्रसाद सतनाम सिंह सनी मास्टर, मनप्रीत कौर, बलजिंदर कौर, जसप्रीत कौर, पार्षद मनिंदर घुम्मन, चेयरमैन बलजिंदर बंटी, परमिंदर संधू, राजू कोनोजिया, प्रदीप अप्पू, दशमेश सिंह, मनप्रीत सिंह, दविंदर वर्मा, चरणजीत सिंह, बिट्टू भुल्लर, राजकुमार अग्रवाल चरणप्रीत लांबा समेत बड़ी संख्या में आप के नेता व वर्कर मौजूद थे।

# पोल्ट्री फार्म में चोरी की कोशिश नाकाम, दो युवक रंगे हाथ पकड़े

- मोटर चुराकर भाग रहे थे आरोपी, मालिक ने लोगों संग दबोचा
- पुलिस के हवाले किए गए आरोपी, केस दर्ज

डेराबस्सी/यूटर्न/03 मई। गांव मकंदपुर स्थित एक पोल्ट्री फार्म में चोरी के इरादे से घुसे दो युवकों को फार्म मालिक और वहां मौजूद लोगों ने मौके पर ही पकड़ लिया। दोनों आरोपियों को बाद में पुलिस के हवाले कर दिया गया। जानकारी के अनुसार मोहाली सेक्टर-54 निवासी अशोक अरोड़ा का मकंदपुर में पोल्ट्री फार्म है। 1 मई की सुबह करीब 11:30 बजे दो युवक फार्म में घुसकर पानी की मोटर चोरी करने लगे। इसी दौरान शोर होने पर फार्म मालिक बाहर आए और आसपास मौजूद लोगों की मदद से दोनों युवकों को मौके पर ही काबू कर लिया।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान जतिंदर सिंह और तरुण शर्मा के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372